
महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड


वर्ष : 16 अंक : 240 | उज्जैन, सोमवार 9 फरवरी 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए


**सुविचार**

*जो मनुष्य जैसा सोचता है वैसा ही बन जाता है यह प्रकृति का नियम है इसमें कोई भी कुछ भी नहीं कर सकता है .*

## भक्तिभाव से शबरी मैया ने पूरे वनवासी समाज का बढ़ाया मान : मुख्यमंत्री

### 1450 किमी लंबा राम वन गमन पथ तैयार कर रही सरकार



**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिन्होंने निःशब्द रहकर अपनी पुण्य भावनाओं को अमर शब्द दे दिए, ऐसी शबरी मैया को पूरे मध्यप्रदेश की ओर से नमन है, वंदन है। जिनके जूठे बेर खाकर भगवान श्री राम भी भक्तिभाव से धन्य हो गये उस माता शबरी की महिमा कौन नहीं जानता। भगवान को बेर भी भेंट देने से पहले खुद बेर का मीठापन जांच लेना भक्ति का उत्कर्ष है। यह प्रसंग हमें बताता है कि भगवान भक्त की आराधना पद्धति के नहीं, बल्कि उसके मन के भावों के भूखे होते हैं। व्यक्ति का मूल्य उसके हृदय की पवित्रता से तय होता है, जन्म से नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोल समाज की कुल देवी शबरी मैया हम सबके लिए सदैव आराध्य हैं, पूजनीय हैं, वंदनीय हैं। उन्होंने अपने चरित्र एवं सत्कर्मों से पूरे वनवासी और जनजातीय समाज का मान बढ़ाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को शहडोल जिले की ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गंधिया स्थित सीतामढ़ी धाम में माता शबरी जयंती पर आयोजित जनजातीय हितग्राही सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी परिसर में शबरी मैया की एक सुंदर प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम गंधिया से शहडोल जिले के लिए 747 करोड़ 91 लाख रुपए की लागत वाले 139 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। इसमें 613 करोड़ रुपए से अधिक लागत से 79 कार्यों का लोकार्पण तथा 134 करोड़ रूपए से अधिक लागत के 60 कार्यों का भूमि पूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने यहां विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय वर्ग का समग्र कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में है। प्रदेश में पीएम जन-मन योजना के अंतर्गत 98 करोड़ 30 लाख रुपए और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 401.56 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया जा चुका है। हमारी सरकार ने जनजातीय समाज के नायकों की गौरव गाथाओं को शैक्षिक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शबरी माता ने बरसों भगवान श्री राम का इंतजार किया। कई साल तक राम का रास्ता निहारती रहीं। रोज अपनी कुटिया की सफाई करती रहीं कि आज नहीं, तो कल राम आएंगे। यह एक भक्त के अपने भगवान पर अटूट विश्वास का परिचायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री राम आए, शबरी मैया की भक्ति और स्नेह से अत्यंत भावविभोर हुए और उन्हें नवधा भक्ति का ज्ञान देकर मोक्ष भी प्रदान किया। हमारी सरकार ने शबरी मैया और हम सबके आराध्य भगवान श्रीराम की स्तुति के लिए श्री रामचन्द्र पथ गमन न्यास की स्थापना की है। हम प्रदेश में 1450 किमी लंबे राम वन गमन पथ का निर्माण करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को श्रीराम का विशेष स्नेह मिला। चित्रकूट में उन्होंने 11 वर्ष बिताए। ग्राम गंधिया में भी वे 11 रात रहे। इसीलिए गंधिया को भी राम वन गमन पथ विकास योजना में शामिल कर लिया गया है। इससे गंधिया का विकास होगा। इस गांव के विकास के लिए सरकार ने लगभग 80 लाख रुपए मंजूर किए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ब्यौहारी में 30 बिस्तरीय अस्पताल का निर्माण कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी धाम को धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने तथा वन्य जीव पर्यटन गतिविधियों के विकास-विस्तार के लिए क्षेत्रीय संजय डूबरी टाइगर रिजर्व का एक गेट ब्यौहारी की तरफ भी खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में महुआ और कटहल बहुतायत से होता है। इसीलिए इन दोनों से बनने वाली औषधियों एवं अन्य उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र में उद्योग, रोजगार एवं निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री ने यहां एक औद्योगिक विकास केंद्र खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने जयसिंह नगर के लिए आवश्यक बायपास बनवाने तथा वर्तमान में जयसिंहनगर तहसील क्षेत्र की उप तहसील आमाडीह को परीक्षण कराकर तहसील बनाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां की जनता ने सरकार की विकास नीतियों पर भरोसा जताया है, इसलिए इस क्षेत्र के विकास के लिए हम कोई कसर नहीं रखेंगे।

सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि त्रेतायुग मे इस भूमि पर भगवान राम के पावन चरण पड़े थे। मुख्यमंत्री ने शबरी माता की मूर्ति का अनावरण करके तथा विकास की सौगातें देकर क्षेत्र को धन्य कर दिया है। सांसद ने कटनी से ब्यौहारी होते हुए सिंगरौली तक फोरलेन सड़क निर्माण, औद्योगिक केन्द्र की स्थापना, सहित विभिन्न मांगे रखी। विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को क्षेत्र की विकास की विभिन्न सोगातों के लिए धन्यवाद दिया। विधायक ब्यौहारी श्री शरद जुगलाल कोल ने कहा कि 70 साल की प्रतीक्षा के बाद यहां मुख्यमंत्री पधारे हैं। मुख्यमंत्री ने शहडोल क्षेत्र को सिंचाई सुविधाओं सहित कई सौगातें दी है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्र भा मिश्रा, उपाध्यक्ष श्रीमती फूलवती सिंह, जनपद अध्यक्ष जयसिंहनगर श्रीमती मालती सिंह, जनपद अध्यक्ष ब्यौहारी श्रीमती आकांक्षी सिंह, सदस्य जिला योजना समिति श्रीमती चपरा, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक सहित कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता और कलेक्टर डॉ. केदार सिंह उपस्थित रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

## गौरव गोगोई पर पाकिस्तान कनेक्शन का आरोप, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतराः सरमा



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** असम विधानसभा चुनाव के ठीक पहले मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने लोकसभा में उपनेता प्रतिपक्ष और असम प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव गोगोई के पाकिस्तान कनेक्शन को लेकर बड़ा आरोप लगाते इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। गोगोई और उनकी ब्रिटिश मूल की पत्नी एजिलाबेथ के कथित पाक कनेक्शन पर असम पुलिस की सीआइडी की जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किया। रिपोर्ट में भारत के खिलाफ बड़ी साजिश के शुरूआती सबूतों का दावा करते हुए सरमा ने इसकी आगे एनआइए या सीबीआइ से जांच के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखा है। इसके साथ ही सरमा ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ जाने को लेकर गोगोई की घेराबंदी की। सीआइडी की जांच रिपोर्ट का हवाला देकर सरमा ने दावा करते हुए कहा कि एनजीओ लीड पाकिस्तान में काम करते हुए गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ ने पाकिस्तान में खाता खुलवाया था। सीआइडी की पूछताछ में एलिजाबेथ ने खाते के बारे में कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया। सरमा ने कहा कि एलिजाबेथ का ब्रिटेन और पाकिस्तान में भी बैंक खाता है और उसमें लेन-देन हुआ है। हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि तीसरी बार सांसद बने गोगोई ने चुनाव आयोग को दिये गए हलफनामे में अपनी पत्नी के विदेशी खातों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है, जो आदर्श चुनाव संहिता का खुला उल्लंघन है और इसके लिए एक साल तक की सजा हो सकती है।

## जंगलों में बढ़ते अग्निकांडों पर एनजीटी का सख्त रुख, केंद्र और राज्यों को जारी किया नोटिस



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने देशभर में बढ़ते वन अग्निकांडों के समाधान के लिए व्यापक दिशा-निर्देशों की मांग करने वाली याचिका पर केंद्र, राज्य सरकारों और कई वैधानिक प्राधिकरणों को नोटिस जारी किए हैं। पीठ ने हिमालय और पश्चिमी घाट जैसे पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में तेजी से और चिंताजनक वृद्धि को उजागर करने वाली मूल याचिका की सुनवाई की। उत्तरदाताओं को नोटिस जारी करते हुए अधिकरण ने याचिकाकर्ता को याचिका की प्रतियां देने और अगली सुनवाई की तारीख से कम से कम एक सप्ताह पहले हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामले पर अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए. सेंथिल वेल समेत जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में वाली पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता ने केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को राष्ट्रीय वन अग्निकांड कार्य योजना के कार्यान्वयन, राष्ट्रीय अग्नि चेतावनी और नियंत्रण प्रणालियों के कार्यप्रणाली और वन अग्नि रोकथाम योजनाओं के तहत धन की रिलीज और उपयोग पर समयबद्ध स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए निर्देश मांगे हैं। याचिका में राष्ट्रीय अग्नि-जोखिम शासन ढांचे के गठन की भी मांग की गई है, जिसमें वैज्ञानिक अग्नि-जोखिम क्षेत्र निर्धारण, प्राथमिकता आधारित मौसमी कार्य योजनाओं की तैयारी व वन अग्नि रोकथाम, पहचान, प्रतिक्रिया और अग्नि के बाद पुनर्स्थापना के लिए मानकीकृत समग्र भारत की संचालन प्रक्रिया शामिल है। याचिका में जनवरी 2026 में रिपोर्ट किए गए हालिया घटनाओं का उल्लेख किया गया है, जिसमें हिमाचल प्रदेश में त्रिउंड ट्रैकिंग मार्ग के साथ एक वन अग्निकांड, पश्चिमी घाट में आग की जल्दी शुरुआत और उत्तराखंड में बर्फ की कमी और सूखे सर्दी की परिस्थितियों के बीच वन अग्निकांड शामिल हैं।

## नए आयकर अधिनियम के लिए मसौदा नियम और फॉर्म जारी, 22 फरवरी तक मांगी टिप्पणियां





**नई दिल्ली/ जीएनएस।** आयकर विभाग ने शनिवार को नए आयकर अधिनियम, 2025 के तहत मसौदा नियम और फार्म जारी कर दिए। यह कदम करदाताओं के लिए अनुपालन को सरल बनाने और समझने में आसानी के लिए उठाया गया है। नया आयकर अधिनियम एक अप्रैल से प्रभावी होगा जो आयकर अधिनियम 1961 का स्थान लेगा।

आयकर विभाग ने मसौदा आयकर नियम, 2026 और फार्म पर सभी हितधारकों से 22 फरवरी तक टिप्पणियां मांगी हैं। इसके बाद, नए अधिनियम के तहत नियम और फार्म अधिसूचित किए जाएंगे।

वर्तमान आयकर नियम, 1962 में 511 नियम और 399 फार्म शामिल हैं। नए नियमों और फार्म में प्रस्तावित परिवर्तनों के चलते मसौदा आयकर नियम, 2026 में 333 नियम और 190 फार्म शामिल होंगे। नए आयकर फार्म को करदाताओं की सुविधा के लिए सरल बनाया गया है। सामान्य जानकारी का सभी फार्म में मानकीकरण किया गया है जिससे करदाताओं के अनुपालन बोझ को कम किया जा सके। विभाग ने कहा, फार्म में पहले से ही कई तरह की जानकारी होगी जिससे फाइलिंग अधिक सहज और कम त्रुटिपूर्ण हो सके।

## अमेरिका ने PoK और अक्साई चिन को भारत का हिस्सा दिखाया, शेयर किया नक्शा




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते पर संयुक्त बयान जारी कर दिया है। इस बयान को दोनों पक्षों की तरफ से ऐतिहासिक और द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने वाला बताया गया है। व्यापार समझौते का असर कूटनीतिक संबंधों पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है।

अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ने समूचे जम्मू-कश्मीर को भारत का हिस्सा बताया है। पहले के नक्शों में अमेरिका गुलाम जम्मू-कश्मीर को अलग से दिखाता था।

व्यापार समझौते को लेकर संयुक्त बयान पर दोनों तरफ से सरकारी विभागों व मंत्रालयों की तरफ से अलग-अलग बयान जारी किए गए हैं। इसमें एक बयान अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि के आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी जारी किया गया है, जिसने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरी हैं। इस पोस्ट में यूएसटीआर ने भारत का संपूर्ण मानचित्र लगाया है यानी इसमें भारत के नक्शे में समूचे जम्मू-कश्मीर (गुलाम जम्मू-कश्मीर सहित) को दिखाया गया है। ना तो नियंत्रण रेखा दिखाई है और ना ही चीन के कब्जे वाले अक्साई चीन वाले हिस्से को अलग किया गया है। कई लोगों ने इस पोस्ट को कारोबारी समझौते के बाद अमेरिका की तरफ से भारत की संवेदनशीलता का ध्यान रखने वाला और अमेरिका व भारत के बीच रणनीतिक संबंधों में प्रगाढ़ता आने के तौर पर देखा है।

## कोर्ट में केंद्र का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों की फीस में इजाफा, कितनी हुई बढ़ोतरी



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** केंद्रीय विधि मंत्रालय ने देशभर की अदालतों में केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों की फीस में लगभग 11 वर्षों बाद वृद्धि की है।

विधि मंत्रालय में कानूनी मामलों के विभाग ने पांच फरवरी को जारी अधिसूचना में कहा कि नियमित अपीलों एवं अंतिम सुनवाई के लिए पेश होने वाले ग्रुप-ए के वकीलों को अब प्रति केस प्रतिदिन 21,600 रुपये और ग्रुप-बी व सी के वकीलों को प्रति केस प्रतिदिन 14,400 रुपये का भुगतान किया जाएगा।

इससे पहले ग्रुप-ए के वकीलों की फीस 13,500 रुपये और ग्रुप-बी व सी के वकीलों की फीस नौ हजार रुपये थी। सरकारी वकीलों को देय फीस में आखिरी बार अक्टूबर, 2015 में संशोधन किया गया था।

## तेलंगाना से गढ़चिरौली तक दहशत का अंत, मारा गया खूंखार माओवादी प्रभाकर; एसपी नीलोत्पाल ने कही ये बात




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** दो दिन पहले महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में सुरक्षा बलों और माओवादियों की बीच हुई मुठभेड़ में 25 लाख के इनामी सीपीआई (माओवादी) नेता प्रभाकर राव उर्फ लोकेति चंदर राव का मारा जाना गढ़चिरौली में माओवाद के सफाये की दिशा में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

रवि, स्वामी और चंदर राव जैसे उपनामों से जाने जाने वाला 57 वर्षीय लोकेति चंदर राव तेलंगाना के कामारेड्डी जिले के इसरोजीवाड़ी गांव का रहने वाला था।

छत्तीसगढ़ और तेलंगाना से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में प्रभाकर का दबदबा था। वह दंडकारण्य विशेष क्षेत्रीय समिति (डीकेएसजेडसी ) के पश्चिमी उप-क्षेत्रीय ब्यूरो का प्रभारी और कंपनी नंबर 10 का प्रभारी था।

पुलिस अधीक्षक नीलोत्पाल ने शनिवार को कहा कि हमने सबसे दुर्गम इलाकों में से एक में तीन दिन और तीन रात चले अभियान में प्रभाकर को मार गिराया है। इस अभियान में गढ़चिरौली पुलिस ने सात नक्सली कमांडरों और कैडरों को मार गिराया, जिन पर सामूहिक रूप से 71 लाख रुपए का इनाम था। प्रभाकर पर 25 लाख रुपए का इनाम था और वह 73 मुठभेड़ों, 13 हत्याओं, छह आगजनी और 21 अन्य मामलों में वांछित था। यह अभियान महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित अबूझमाड़ के घने जंगलों में चलाया गया।

## कर्नाटक की राजनीति में कांग्रेस एवं भाजपा के बीच छिड़ा विज्ञापन युद्ध, महात्मा गांधी के नाम पर सियासत तेज



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** कर्नाटक की राजनीति में छिड़े विज्ञापन युद्ध ने अब एक ऐसा मोड़ ले लिया है, जिससे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों को मानने वाले स्तब्ध हैं।

कांग्रेस और भाजपा के बीच चल रही सियासी खींचतान में बापू के चित्र और उनके व्यक्तित्व के दुरुपयोग पर कर्नाटक गांधी स्मारक निधि ने कड़ा ऐतराज जताया है।

स्मारक निधि ने इसे केवल एक विज्ञापन नहीं, बल्कि राष्ट्रपिता के मूल सिद्धांतों का अपमान और राष्ट्रीय चिंता का विषय बताया है।

बापू के नाम पर सियासत- वार-पलटवार विवाद की शुरुआत तीन फरवरी को हुई, जब कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने एक पूर्ण पृष्ठ का विज्ञापन जारी किया। इसमें महात्मा गांधी को संघ-अप्पा (खाकी पैंट और सफेद शर्ट पहने एक पात्र) को फटकार लगाते हुए दिखाया गया था। विज्ञापन का उद्देश्य मनरेगा योजना के नाम परिवर्तन और केंद्र की नीतियों पर निशाना साधना था।

इसके जवाब में, सात फरवरी को भाजपा ने भी पलटवार किया। भाजपा के विज्ञापन में गांधीजी को हाथ में लाठी उठाए मुख्यमंत्री सिद्दरमैया, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे को मारने के लिए उद्यत दिखाया गया।

इसमें गांधीजी को यह कहते हुए चित्रित किया गया कि मेरे नाम को अपनी संपत्ति समझने वाले नुंगप्पा (सब कुछ हड़प जाने वाले), मैं तुम्हें नहीं छोड़ूंगा।

## रक्षा-ऊर्जा से सेमीकंडक्टर तकः भारत-मलेशिया की दोस्ती का नया अध्याय, दोनों देशों के संबंधों पर क्या बोले पीएम मोदी?




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने दोनों देशों के मैत्रीपूर्ण रिश्ते को रक्षा, उर्जा, व्यापार, मैन्यूफैक्चरिंग से लेकर सेमीकंडक्टर जैसे अहम सेक्टरों में मजबूती से विस्तार देने की घोषणा की है।

दक्षिण पूर्वी एशिया के पड़ोसी देशों से रिश्ते प्रगाढ़ करने की भारत की एक्ट ईस्ट नीति के तहत प्रधानमंत्री ने अपने मलेशिया दौरे में इन क्षेत्रों में पारस्परिक सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। पीएम मोदी की मलेशिया यात्रा के अंतिम दिन इन क्षेत्रों में सहयोग के 11 समझौतों को लेकर हस्ताक्षर भी हुए। इस दौरान पारस्परिक आर्थिक हितों को सुदृढ़ करने की पहल के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए भी भारत की प्रतिबद्धता जताई।

मलेशिया के साथ संबंध पर पीएम मोदी- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की स्पष्ट नीति दोहराते हुए पीएम ने कहा, आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट है कि इस पर न कोई दोहरा मापदंड और न कोई समझौता हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की दो दिवसीय मलेशिया यात्रा के अंतिम दिन पीएम इब्राहिम से हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में भी आतंकवाद से लड़ने को लेकर सख्त साझा संदेश दिया गया।

आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति- क्वालालंपुर में मोदी-इब्राहिम बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया है कि बेशक दोनों प्रधानमंत्रियों ने कठोर शब्दों में आतंकवाद के सभी रूपों और तरीकों की निंदा की, जिसमें सीमा पार आतंकवाद भी शामिल है। पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा भारत के लिए अहम है।

संयुक्त वार्ता में मोदी-इब्राहिम ने आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस के रुख का समर्थन करते हुए इसके खिलाफ निरंतर व्यापक लड़ाई के लिए अंतरर्राष्ट्रीय प्रयासों का आह्वान किया।

कट्टरपंथ और हिंसक उग्रवाद का मुकाबला करने, आतंकवाद के वित्तपोषण से लड़ने, सूचना और ज्ञान साझा करने, क्षमता निर्माण में सहयोग के माध्यम से आतंकवादी उद्देश्यों के लिए नई और उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग रोकने पर दोनों नेता सहमत हुए।

आतंकवाद और अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध के बीच संबंधों को पहचानते हुए इसके खिलाफ भी सहयोग पर सहमति जताई। संयुक्त राष्ट और एफएटीएफ सहित आतंकवाद का मुकाबला करने में द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई।




# पेसा कानून केवल प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, जनजातीय स्वाभिमान और अधिकारों का संवैधानिक संकल्प - मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल

**मध्यप्रदेश पेसा क्रियान्वयन में देश में द्वितीय स्थान पर, राष्ट्रीय पेसा महोत्सव में खिलाड़ियों ने रचा इतिहास**



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भोपाल के बरखेड़ी कला स्थित क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय सूचना, शिक्षा एवं संचार प्रशिक्षण सह कार्यशाला के समापन समारोह को संबोधित करते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि पेसा (PESA – पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम मात्र एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि जनजातीय समाज के स्वाभिमान, परंपराओं और अधिकारों की संवैधानिक पुनर्स्थापना का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जल-जंगल-जमीन अब केवल नारा नहीं, बल्कि शासन की नीतियों और जमीनी क्रियान्वयन के माध्यम से ठोस वास्तविकता बन चुका है।

मंत्री श्री पटेल ने कार्यशाला में मध्यप्रदेश की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन में राज्य आज महाराष्ट्र के बाद पूरे देश में दूसरे स्थान पर है। हाल ही में आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित राष्ट्रीय पेसा महोत्सव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के जनजातीय खिलाड़ियों ने पुरुष वर्ग कबड्डी में स्वर्ण तथा महिला वर्ग में रजत पदक अर्जित कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है, जो राज्य के लिए गौरव का विषय है।

जमीनी स्तर पर हुए परिवर्तन की चर्चा करते हुए मंत्री श्री पटेल ने बताया कि राज्य टीम के समन्वित प्रयासों से पेसा क्षेत्रों में अब तक 900 से अधिक नई ग्राम सभाओं का गठन किया जा चुका है। साथ ही ग्राम सभाओं की शांति एवं विवाद निवारण समितियों द्वारा 11 हजार से अधिक प्रकरणों का पारंपरिक चौपालों के माध्यम से समाधान किया गया है, जो सामुदायिक न्याय व्यवस्था की सुदृढ़ता का प्रमाण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि खनन पट्टों, लघु वनोपज के संग्रहण तथा ग्राम स्तर की शांति व्यवस्था जैसे विषयों पर ग्राम सभा की भूमिका सर्वोपरि है।

अधिकारियों की भूमिका पर जोर देते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि योजनाओं की सफलता केवल फाइलों की गति से नहीं, बल्कि धरातल पर दिखाई देने वाले परिवर्तन से आंकी जानी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जनपद पंचायत ग्राम सभाओं को प्रशासनिक बाधाओं से मुक्त रखें तथा जिला एवं विकासखंड समन्वयक केवल प्रतिवेदन तक सीमित न रहकर ग्राम सभाओं को जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं। कलेक्टरों को जिला स्तर पर तथा एसडीओ (राजस्व) को अनुविभाग स्तर पर नियमित पाक्षिक समीक्षा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में ग्राम सभाओं को सीधे वित्तीय राशि हस्तांतरित करने की तैयारी की जा रही है, जिससे स्थानीय स्वशासन की अवधारणा को और अधिक बल मिलेगा। उन्होंने द्रुश्रष्ट गतिविधियों में स्थानीय भाषाओं, लोकगीतों, नुक्कड़ नाटकों एवं हाट-बाजारों जैसे पारंपरिक माध्यमों को शामिल करने पर बल दिया, ताकि पेसा कानून का संदेश समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचे। साथ ही तकनीकी दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से सचिवों एवं मोबिलाइजरों को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के प्रभावी उपयोग हेतु प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए गए।

कार्यक्रम के अंत में मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने उपस्थित अधिकारियों एवं सहभागियों से पेसा कानून के प्रभावी और निष्ठापूर्वक क्रियान्वयन का आह्वान करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि जनभागीदारी, पारदर्शिता और समन्वित प्रयासों से अनुसूचित क्षेत्रों में विकास की नई धारा स्थापित होगी।

## लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिये संभागीय पेंशन कार्यालय में 9 से 13 फरवरी तक लगेगा शिविर

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देशानुसार इंदौर संभाग में लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिये 9 फरवरी से 13 फरवरी तक पेंशन प्रकरण शिविर का आयोजन संभागीय पेंशन कार्यालय सेटेलाइट भवन इंदौर में किया जा रहा है। संभागायुक्त डॉ. खाड़े द्वारा इंदौर संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि उक्त शिविर अवधि में अपने कार्यालय के 31 जनवरी 2026 तक के समस्त सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण पेंशन कार्यालय में ऑनलाईन/ऑफलाईन प्रस्तुत कर निराकरण करायेंगे। पेंशन शिविर के पश्चात कार्यालय स्तर पर प्रकरण लंबित पाये जाते हैं तो कार्यालय प्रमुख व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। निर्देश दिए गये हैं कि शिविर कार्यक्रम के दिवसों में समस्त कार्यालय प्रमुख अपने कार्यालय के पेंशन प्रकरणों को निराकृत कराना सुनिश्चित करें।

## इस बार गर्मी में तैराक लगा सकेंगे नेहरू पार्क के स्विमिंग पूल में छलांग



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देश को राष्ट्रीय स्तर के कई खिलाड़ी देने वाले इंदौर के नेहरू पार्क स्विमिंग पूल का कायाकल्प अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। अप्रैल तक यह फिर से तैराकी सीखने वालों के लिए खोल दिया जाएगा। पूल का डायविंग टावर बन चुका है और पूल में टाइल्स लगाने का काम भी हो रहा है। महापौर ने हाल ही में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इसका निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कर इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाए ताकि गर्मियों के सीजन में शहरवासियों को इसका लाभ मिल सके। लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से हो रहे इस जीर्णोद्धार कार्य में आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है। इस पूल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया गया है, बल्कि यहां डाइविंग टावर और फिल्टरेशन प्लांट को भी अपग्रेड किया गया है। इसके अलावा परिसर में एक नई लाइब्रेरी और जिम जैसी सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं, जिससे यह केवल एक स्विमिंग पूल न रहकर एक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के रूप में उभरेगा। सुरक्षा के लिहाज से पूल की गहराई को अलग-अलग हिस्सों में बांटा गया है, जिसमें बच्चों और नए सीखने वालों के लिए कम गहरा हिस्सा और पेशेवर तैराकों के लिए गहरा हिस्सा तय किया गया है। इसकी गहराई बीस फीट से ज्यादा रहेगी। पहले की तरह रियायती दरों पर सदस्यता दी जाएगी। महिलाओं और बच्चों के लिए अलग से विशेष बैच भी संचालित किए जाएंगे। तय समयसीमा से ज्यादा समय इसके निर्माण में बीत चुका है, क्योंकि निर्माण एजेंसी ने टावर के पहले पूल की टाइल्स लगा दी थी, जो टावर निर्माण का मलबा गिरने के कारण टूट गई थी। उधर पूल भरने में भी एक सप्ताह से ज्यादा का समय लगेगा। पूल में 100 टैंकर से ज्यादा पानी लगेगा।

## मध्य प्रदेश राज्य सेवा परीक्षा में पद बढ़ाने पर असमंजस, 155 पर भर्तियां

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य सेवा और वन सेवा परीक्षा 2026 में कम पद निकालने को लेकर अभ्यर्थी नाराज हैं। बीते दिनों अभ्यर्थियों ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) के कार्यालय के बाहर धरना दिया। चार दिन प्रदर्शन करने के दौरान अभ्यर्थियों ने पदों की संख्या बढ़ाने की मांग रखी। इसे लेकर एमपीपीएससी ने शासन को पत्र भेजा।

मगर अभी तक सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। इसे लेकर अब अभ्यर्थियों के सामने अमसंजस की स्थिति बनी है। वहीं परीक्षा में आवेदन करने को लेकर अंतिम दिन 9 फरवरी है। अधिकारियों के मुताबिक एक लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों ने फार्म भरा है।

राज्य सेवा और राज्य वन सेवा परीक्षा 2026 में 10 जनवरी से आवेदन की प्रक्रिया चल रही है, जो नौ फरवरी तक चलेगी। इसके बाद आवेदन करने पर विलंब शुल्क भी जमा करना होगा। 21 विभागों के 155 पदों पर भर्तियां की जाएंगी। 17 डिप्टी कलेक्टर, 18 डीएसपी, 3 वाणिज्यिक कर अधिकारी, 15 पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग, 4 जनसंपर्क विभाग, 16 सहकारिता विभाग, 10 आबकारी विभाग सहित विभिन्न पद शामिल हैं।

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, अवैध मदिरा के विरूद्ध की गई कार्रवाई में लगभग एक लाख 45 हजार रुपये की मदिरा और वाहन जप्त



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि वृत्त आंतरिक- 2 की प्रभारी सुश्री जया मुजाल्दे और पलासिया प्रभारी सुश्री प्रियंका रानी चौरसिया ने अपनी टीम के साथ सिंहासा क्षेत्र में सुबह गश्त के दौरान दो बड़ी कार्रवाई की। पहली कार्रवाई में जवाहर टेकरी से कुख्यात ब्लेकर आनंद चौहान के घर के सामने से दोपहिया वाहन MP09VH7357 से 95 पाव देशी मदिरा मसाला जब्त की गई। साथ ही दूसरी कार्रवाई शांति नगर के एक कुख्यात ब्लेकर सुभाष पवार के घर के सामने से एक बिना नंबर प्लेट की दोपहिया वाहन हीरो डेस्टिनी की डिक्की और हरे रंग के एक झोले से कुल 75 पाव देसी मदिरा बरामद की गई।

उक्त दोनों स्थानों से जब्त अवैध मदिरा एवं दो दुपहिया वाहनों की कुल बाजार मूल्य लगभग एक लाख 45 हजार रुपये है। साथ ही दोनों आरोपी के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## इंदौर में बाइक टैक्सी पर एक्शन, ड्राइवर बोले- कंपनी ने नहीं बताया कि येलो प्लेट और ट्रेड लाइसेंस जरूरी



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में नियमों की अनदेखी कर संचालित हो रही रैपिडो बाइक टैक्सियों पर परिवहन विभाग द्वारा कार्रवाई की गई थी। मामले में शुक्रवार को बड़ी संख्या में चालक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय पहुंचे और अपनी परेशानी बताई। चालकों का कहना था कि रैपिडो के जरिए उनके घर-परिवार की रोजी-रोटी चलती है।

इससे छात्रों के साथ ही रोजाना सफर करने वालों को भी फायदा हो रहा है। वे नियमों का पालन करने के लिए तैयार हैं, लेकिन कंपनी ने किसी तरह के नियम नहीं बताए। अब मामले में परिवहन विभाग कंपनी को नोटिस जारी करेगा। वहीं यातायात पुलिस को भी जांच के लिए पत्र लिखा जाएगा, ताकि नियमों के अनुसार ही बाइक टैक्सी का संचालन हो सके।

ड्राइवरों ने कहा- वे नियम का पालन करने के लिए तैयार- परिवहन विभाग की कार्रवाई के बाद रैपिडो बाइक टैक्सी संचालकों की परेशानी बढ़ गई है। चालकों का कहना था कि वे नियमों का पालन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन कंपनी की ओर से कभी यह स्पष्ट नहीं किया गया कि बाइक टैक्सी संचालन के लिए व्यावसायिक नंबर प्लेट और ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य है। कंपनी उनसे केवल ड्राइविंग लाइसेंस, बाइक के दस्तावेज और आधार कार्ड ही लेती है, जिससे उन्हें लगा कि प्रक्रिया वैध है।

एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि परिवहन विभाग किसी की रोजी-रोटी छीनना नहीं चाहता, लेकिन नियमों का पालन सभी के लिए जरूरी है। बिना उचित अनुमति के किसी भी सेवा को संचालित करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में रैपिडो के मुख्यालय को नोटिस दिया जा रहा है और निर्देश दिए जाएंगे कि संचालन पूरी तरह नियमों के तहत हो।

## आचार्य विद्यासागर जी के तप और त्याग से मिलेगी समाज को नई दिशाः मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल

**बैरसिया स्थित विद्यासागर गुरुकुल में आचार्य श्री की दिव्य प्रतिमा का अनावरण एवं हथकरघा केंद्र का उद्घाटन**



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल आज बैरसिया (भोपाल) स्थित विद्यासागर गुरुकुल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी की दिव्य प्रतिमा का अनावरण किया और गुरुकुल परिसर में हथकरघा केंद्र का उद्घाटन भी किया।

संस्कार, स्वावलंबन और सेवा का केंद्र- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के तप, त्याग एवं साधना से प्रेरित यह पावन स्थल समाज को संस्कार, स्वावलंबन और सेवा की दिशा में निरंतर अग्रसर करेगा। उन्होंने हथकरघा उद्घाटन को आत्मनिर्भरता और कौशल के संगम के रूप में परिभाषित किया।

सदाचार और नैतिकता पर गहरा चिंतन- अपने संबोधन में श्री पटेल ने नैतिकता और सदाचार के सूक्ष्म अंतर को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा नैतिकता समाज की एक बाहरी व्यवस्था है, जिसके तहत हम नियमों का पालन करते हैं, लेकिन सदाचार आत्मा की व्यवस्था है। यदि व्यक्ति संस्कारवान और सदाचारी है, तो वह स्वतः ही नैतिक होगा। केवल सार्वजनिक प्रदर्शन से कोई व्यक्ति भीतर से शुद्ध नहीं हो जाता, इसके लिए आत्मिक संस्कार अनिवार्य हैं।

कौशल और धर्म का मानवीय पक्ष- मंत्री श्री प्रह्लाद पटेल ने कौशल को नई परिभाषा देते हुए कहा कि जो कौशल केवल धनार्जन के लिए है वह अधूरा है। वास्तविक कौशल और धर्म वह है, जो किसी संकटग्रस्त या अपरिचित व्यक्ति की रक्षा के काम आए। उन्होंने विश्वास जताया कि इस गुरुकुल के बच्चे शारीरिक और चारित्रिक रूप से सशक्त होकर सांस्कृतिक चेतना के ध्वजवाहक बनेंगे।

सांस्कृतिक चेतना का अद्भुत संगम- श्री पटेल ने भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति (विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था) का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी असली चुनौती धन नहीं, बल्कि अपनी प्राचीन सनातन व्यवस्था और संस्कारों का संरक्षण है। उन्होंने इस आयोजन को आत्मिक शांति और सांस्कृतिक चेतना का एक अद्भुत अनुभव बताया।

विशिष्ट जनों की गरिमामयी उपस्थिति- इस अवसर पर बैरसिया विधायक श्री विष्णु खत्री, पूर्व सांसद श्री रघुनंदन शर्मा, श्रीमती मंजू पाटनी, जयपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी श्री उत्तमचंद पाटनी, पूर्व आईएएस श्री सुरेश चंद जैन एवं ब्रह्मचारी श्री विनय सागर महाराज जी सहित अनेक गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अंत में श्री पटेल ने इस पवित्र स्थान के दर्शन और आचार्य श्री की प्रतिमा के अनावरण का अवसर देने के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने योग प्रदर्शन किया एवं संगीतमय भजन की प्रस्तुति भी हुई मंत्री श्री पटेल ने गौ माता को ग्रास भी खिलाया।

## वोटर को बुलाने की जगह बीएलओ पहुंच रहे घर, फोटो अपलोड कर हो रहा सत्यापन

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले में जारी मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया में नो-मेपिंग वाले मतदाता की सुनवाई की जा रही है। साथ ही तार्किक त्रुटि वाले मतदाताओं को सुनवाई के लिए बुलाने की अपेक्षा बीएलओ घर पहुंचकर निराकरण कर रहे हैं।

मतदाताओं का फोटो अपलोड करने के साथ ही पोर्टल पर बीएलओ सत्यापन कर रहे हैं। इसके बाद एईआरओ की अंडरटेकिंग से जानकारी अपलोड की जा रही है। दस फरवरी तक सभी तार्किक त्रुटि वाले मतदाताओं की सुनवाई पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है।

एसआईआर की प्रक्रिया की गति बढ़ाने के लिए आयोग ने अब तार्किक त्रुटि वाले मतदाताओं के सुधार का कार्य बीएलओं को भी सौंप दिया है। बीएलओ मतदाताओं के नाम, जन्म तारीख और सुधार का कार्य एप के माध्यम से मौके पर पहुंचकर कर रहे हैं। दस फरवरी तक 5.79 लाख मतदाताओं के सुधार का कार्य करना होगा।

80 प्रतिशत तक काम हुआ पूरा- आयोग ने पहले इनको नोटिस देकर सुनवाई के लिए बुलवाने के निर्देश दिए थे। अब कार्य में देरी को देखते हुए बीएलओं को ही सुधार के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि तार्किक त्रुटि वाले मतदाताओं की सुनवाई की जानी है। अब तक 80 प्रतिशत तक कार्य पूरा हो चुका है।

## फर्जीवाड़े पर रोक लगाने इंदौर विकास प्राधिकरण अब ऑनलाइन जारी करेगा भूखंड और योजनाओं की एनओसी



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) के नाम पर हो रहे फर्जीवाड़े पर रोक लगाने के लिए इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) ने बड़ा कदम उठाया है। प्राधिकरण ने एनओसी जारी करने की प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया है।

अब आईडीए द्वारा भूखंड, लेआउट और विभिन्न विकास योजनाओं से संबंधित एनओसी मैन्युअल रूप से नहीं दी जाएगी, बल्कि सीधे ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से संबंधित विभागों और एजेंसियों को जारी की जाएगी।

आईडीए से प्राप्त जानकारी के अनुसार टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएनसीपी) सहित अन्य विभागों से अनुमति लेने के लिए कई मामलों में आईडीए की एनओसी अनिवार्य होती है।

पहले यह एनओसी कागजी रूप में दी जाती थी, जिससे बाजार में नकली और छेड़छाड़ की गई अनुमतियों के सामने आने की शिकायतें बढ़ी थीं। इसी को देखते हुए आईडीए ने प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और फर्जी दस्तावेजों पर अंकुश लगाने के लिए डिजिटल व्यवस्था लागू की है। नई व्यवस्था के तहत अब आवेदक को एनओसी की हार्ड कॉपी लेकर भटकना नहीं पड़ेगा। आईडीए का सिस्टम सीधे संबंधित विभाग के पोर्टल पर एनओसी अपलोड करेगा, जिससे सत्यापन आसान होगा और किसी भी तरह की गड़बड़ी की संभावना कम होगी। इससे न सिर्फ आम नागरिकों और डेवलपर्स को राहत मिलेगी, बल्कि विभिन्न विभागों के बीच समन्वय भी बेहतर होगा।

आईडीए अधिकारियों का कहना है कि ऑनलाइन प्रक्रिया से समय की बचत होगी और रिकॉर्ड सुरक्षित रहेंगे। आने वाले समय में अन्य सेवाओं को भी इसी तरह डिजिटल प्लेटफार्म पर लाने की तैयारी की जा रही है।

## बेहतर यातायात प्रबंधन की दिशा में इंदौर ट्रैफिक पुलिस के सतत प्रयास, हेल्पलाइन से मिल रहा त्वरित समाधान




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में सुगम, सुरक्षित एवं सुखद यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए इंदौर ट्रैफिक पुलिस लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। पुलिस आयुक्त इंदौर के निर्देशन में यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा न केवल यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, बल्कि नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 7049107620 जारी किया गया है, जिस पर नागरिक अपनी यातायात संबंधी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

इस हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर यातायात पुलिस द्वारा प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। यदि कोई शिकायत अन्य विभाग से संबंधित होती है, तो सत्यापन के पश्चात उसे संबंधित विभाग को अग्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। हेल्पलाइन शुरू होने से लेकर अब तक कुल 1837 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 1810 शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा चुका है, जबकि शेष 27 शिकायतों पर कार्रवाई प्रगति पर है। हाल ही में एक दिन में प्राप्त हुई 12 शिकायतों का भी उसी दिन समाधान किया गया।

प्राप्त शिकायतों में प्रमुख रूप से शाम के समय कुछ मार्गों पर अत्यधिक यातायात दबाव के कारण जाम की समस्या तथा नो पार्किंग क्षेत्रों में वाहनों के खड़े होने से यातायात बाधित होने जैसी समस्याएं सामने आई हैं। इन शिकायतों पर व्हाट्सएप हेल्पलाइन टीम द्वारा ट्रैफिक वायरलेस कंट्रोल एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए संबंधित यातायात थाना एवं बिट में तैनात टीम को सूचना दी गई, जिसके बाद क्रेन एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से त्वरित कार्रवाई कर समस्या का समाधान किया गया।

यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की यातायात संबंधी समस्या होने पर तुरंत व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 7049107620 पर सूचना दें, ताकि समय रहते समाधान कर शहर की यातायात व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाया जा सके।

## क्राइम ब्रांच इंदौर की बड़ी कार्रवाई, रेलवे मालगोदाम क्षेत्र से ब्राउन शुगर के साथ कुख्यात आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए इंदौर पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार क्राइम ब्रांच इंदौर की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए रेलवे मालगोदाम, लक्ष्मीबाई नगर क्षेत्र से अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

क्राइम ब्रांच टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की पतारसी और चेकिंग के दौरान रेलवे मालगोदाम क्षेत्र में खड़ी मालगाड़ियों के बीच से एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। चेकिंग होते देख आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम चिंटू उर्फ चिंट्टी वर्मा, निवासी भागीरथपुरा इंदौर बताया। संदेह के आधार पर विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी की जेब से 102.76 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद की गई।

जब्त की गई ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 11 लाख रुपए बताई जा रही है। इसके साथ ही आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। कुल मश्रूका की कीमत लगभग 11 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 17/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अवैध लाभ कमाने की मंशा से सस्ते दामों पर मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर शहर में नशे के आदी लोगों को अधिक कीमत पर बेचने की बात स्वीकार की है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी चिंटू उर्फ चिंट्टी वर्मा के खिलाफ पूर्व में भी कुल 9 अपराध पंजीबद्ध हैं, जिनमें से 5 मामले एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज हैं। आरोपी रेलवे में गाड़ियों की सफाई का कार्य करता है और पांचवीं कक्षा तक शिक्षित बताया गया है।

क्राइम ब्रांच इंदौर द्वारा आरोपी से जुड़े नेटवर्क और अन्य संभावित सप्लायरों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और शहर को नशामुक्त बनाने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# सूरजना में चंबल किनारे एमडी ड्रग फेक्टरी से मिला 12.610 किलो केमिकल, 102 ग्राम ड्रग्स जब्त

## डीआईजी व पुलिस अधीक्षक पहुंचे गरोठ, दोनों आरोपी 12 तक रिमांड पर, पूछताछ जारी



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गरोठ थाना क्षेत्र अंतर्गत चंबल नदी क्षेत्र में स्थित आने वाले गांव सूरजना में संचालित एमडी ड्रग्स फेक्टरी का खुलासा रविवार को पुलिस प्रशासन ने किया। सूरजना गांव में खेत कुएं पर इस फेक्टरी से एमडी ड्रग्स बनाई जा रही थी। मौके से 102 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई है, वहीं ड्रग्स बनाने में प्रयुक्त भारी मात्रा में केमिकल भी जब्त किया गया है। घटनास्थल से ड्रग्स बनाने में प्रयुक्त किये जाने वाला 12 किलो 610 ग्राम मिश्रित केमिकल मिला है। मौके से पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शनिवार देर रात्रि तक जारी रही। रविवार को पुलिस अधीक्षक विनोद मीना गरोठ पहुंचे, वहीं कुछ समय बाद रतलाम रेंज के डीआईजी निमीष अग्रवाल ने भी गरोठ थाने पहुंचकर आरोपियों से पूछताछ की। दोनों आरोपी 12 फरवरी तक रिमांड पर है। ज्ञातव्य है कि गांव सूरजना में पूर्व में तलवारों का जखीरा भी बरामद किया गया था । नदी के समीप ही गांव होने से यह गांव सूर्खियों में आ गया है।

डीआईजी श्री अग्रवाल ने बताया कि मुख्य आरोपी करीब दो वर्ष से धंधे में सक्रिय है। ड्रग्स सप्लाय में लगा नेटवर्क और केमिकल एकत्र करने का उपयोग हुए नेटवर्क के तार खंगाले जाएंगे। दोनों दिशा में काम किया जाएगा। लोकल नेटवर्क ऑपरेट पर भी काम किया जा रहा है। हमने पूर्व में रतलाम के चिकलाना में भी ड्रग फेक्टरी पकड़ी है। डीआईजी श्री अग्रवाल ने कहा कि ड्रग बनाने में नॉलेज कहां से लिया, यह भी पता लगाया जाएगा। नेटवर्क को खंगालने में समीपस्थ प्रतापगढ़ और झालावाड़ जिला प्रशासन से भी सहयोग लिया जा रहा है। पुराने आरोपी पर भी नजर रखी जा रही है। पुलिस के अनुसार मुखबीर सूचना पर ग्राम सूरजना में टीमें गठित कर दबिश दी गई। मौके से दो व्यक्ति एमडी ड्रग्स बनाते हुए पाए गए। इनके कब्जे से एक स्टील के घड़े में तीव्र गंध वाला मादक पदार्थ एमडी बनाने में उपयोग होने वाला केमिकल के मिश्रण को छाछ बनाने की मशीन बोलते हुए अन्य उपकरण के साथ मिले। आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम दीपक पिता राधेश्याम जाति सिकलीगर 32 वर्ष निवासी सूरजना एवं सुमित पिता राजाराम सिकलीगर 19 वर्ष निवासी सूरजना का होना बताया। घटनास्थल से कुल मिश्रित केमिकल 12 किलो 610 ग्राम मिला व 102 ग्राम बनी हुई एमडी ड्रग मिली। इसके अलावा तीन किलो 540 ग्राम एमडी ड्रग बनाने हेतु तरल पारदर्शी पदार्थ, 680 ग्राम सहयोगी सफेद केमिकल पावडर, एक गैस सिलेंडर, एक सेन्ट्री फ्युग करने की मशीन, एक चुल्हा भट्टी, एक स्टील की थाली व भगोना, बिजली का निले रंग का तार, एक अर्थिंग वाला लोहे का सरिया, दो मोबाईल बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में पुलिस प्रशासन ने गरोठ थाना निरीक्षक हरीश मालवीय एवं अन्य थानों की टीमों का योगदान बताया है। गरोठ टीआई मालवीय ने बताया कि दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से 12 फरवरी तक का रिमांड मिला है।

# हिंगोरिया बालाजी से नीमच सिटी मठ तक सड़क निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन





**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** हिंगोरिया बालाजी से नीमच सिटी मठ सडक निर्माण कार्य का भूमिपूजन सांसद सुधीर गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य, विधायक दिलीपसिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य एवं नपाध्यक्ष स्वाति चौपडा की अध्यक्षता में मीणा मोहल्ला नीमचसिटी में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर विधायक दिलीपसिंह परिहार ने कहा कि उपनगर नीमचसिटी वासियों को बडी सौगात मिलने जा रही है, जिससे उन्हें मुख्य महू-नसीराबाद राजमार्ग पर जाने के लिए नीमच सिटी मठ मार्ग से हिंगोरिया बालाजी का एक नया वैकल्पिक सडक मार्ग उपलब्ध होगा। लगभग 2 करोड़ 97 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले लगभग 2 .55 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्र को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। इससे आवागमन अधिक सुविधाजनक होगा और स्थानीय विकास को और गति मिलेगी।

कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महेंद्र भटनागर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आदित्य मालू, मंडल अध्यक्ष दारासिंह यादव, पार्षद श्रीमती किरण शर्मा, राकेश किलोरिया, रामचंद्र धनगर, दुर्गाशंकर भील, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा (नाना उस्ताद), महेश चौधरी, राधेश्याम रावत, मनोज माहेश्वरी, केशवसिंह चौहान, सतीश हास, अभिमन्युसिंह चौहान, बृजराजसिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में नीमच सिटी के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नीमच में लापता छात्रा का कुएं मिला शव, सुसाइड नोट में बुआ-फूफा पर आरोप...



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम ढाबा में लापता 17 साल की छात्रा अंजलि नायक का शव शनिवार को गांव के एक कुएं में मिला। जिसे कल

रविवार को शव का पीएम कराकर परिजनों को वापस सौंपा गया। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जवासा चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। दरअसल, मृतका 4 फरवरी से घर से लापता था। शनिवार को उसका शव गांव के कुएं में मिला। मृतका ने सुसाइड नोट में बुआ, फूफा और बड़ी मम्मी पर पीछा करने और धमकी देने का आरोप लगाया है।

ढाई घंटे तक परिजनों ने किया विरोध प्रदर्शन - यह चक्काजाम रविवार सुबह 10 बजे मनासा-नीमच सड़क पर शुरू हुआ और ढाई घंटे से अधिक समय तक जारी रहा। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की झड़प भी हुई।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंप आयोजन दिनांक 12 फरवरी 2026

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग तथा परिवहन विभाग के संयुक्त समन्वय से 18 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं/युवतियों हेतु पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का आयोजन 09 फरवरी 2026 सोमवार को किया जाना था जिसके लिए पूर्व रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया था जिसमें आज दिनांक तक 138 बालिकाओं/महिलाओं के रजिस्ट्रेशन हो गए है और पंजीयन के रुझान को देखते हुए कैंप की तारीख 03 दिवस आगे बढ़ाई गई है जिससे बालिकाएं/महिलाएं लाभान्वित हो सके। परिवहन विभाग के समन्वय से 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी बालिकाओं/युवतियों के लिए निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने हेतु पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंप 12 फरवरी गुरुवार को आयोजित किया जा रहा है। स्पेशल कैंप अंतर्गत लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाएं जाएंगे। इसमें किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं होगा। ऐसी बालिकाएं/युवतियां जिनके ड्राइविंग लाइसेंस अभी तक नहीं बने है वे 11 फरवरी तक महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 49 में संपर्क कर सकती है या दूरभाष क्रमांक 9770551597 पर संपर्क कर अपना पंजीयन करवा सकती है। पूर्व पंजीयन अनिवार्य है।

# एमएसएमई क्रेडिट कैंप में 15 करोड़ रुपए के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, अरनिया पीठा शाखा में हुआ आयोजन



**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की कृषि उपज मंडी, अरनिया पीठा शाखा में शनिवार को एमएसएमई क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोपाल अंचल से अंचल प्रमुख श्री धीरज गोयल रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता रतलाम क्षेत्रीय प्रमुख श्री संतोष कुमार ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रतलाम एलडीएम श्री मोहन लाल मीणा तथा मंडी सचिव श्री आर. वासुनिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में क्षेत्र के करीब 200 व्यापारियों ने भाग लेकर बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

# एम्बुलेंस के इंतजार में दो घंटे तड़पती रहीं घायल महिलाएं, पिपलिया की स्वास्थ्य व्यवस्था पर फिर उठे सवाल



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सड़क दुर्घटना में घायल हुई दो महिलाओं को समय पर एम्बुलेंस नहीं मिलने से पिपलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की बदहाल व्यवस्थाएं एक बार फिर उजागर हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किए जाने के बावजूद घायल महिलाओं को करीब दो घंटे तक अस्पताल में ही दर्द से कराहते हुए इंतजार करना पड़ा। इस दौरान न तो जिम्मेदारों ने वैकल्पिक व्यवस्था की और न ही किसी अधिकारी ने सुध ली।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर लगभग 3.30 बजे बही-बालागुढ़ा मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से करनाखेड़ी निवासी शांतिबाई भील (50) एवं मंजूबाई भील (45) घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने डायल 112 को सूचना दी, जिसके बाद दोनों घायलों को पिपलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया और स्थिति को देखते हुए दोनों महिलाओं को बेहतर उपचार के लिए मंदसौर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रेफर होने के बाद भी अस्पताल में एम्बुलेंस की व्यवस्था नहीं होने से दोनों महिलाएं उपचार के इंतजार में अस्पताल परिसर में ही तड़पती रहीं। दर्द से कराहती महिलाओं के परिजन अस्पताल परिसर में इधर-उधर वाहन की व्यवस्था करते रहे, लेकिन कोई निजी वाहन भी उपलब्ध नहीं हो सका। लगभग दो घंटे तक घायल महिलाओं को बिना किसी सुविधा के अस्पताल में ही पड़े रहना पड़ा, जिससे परिजनों में आक्रोश व्याप्त हो गया। करीब शाम 5.30 बजे मंदसौर से एम्बुलेंस पिपलिया पहुंची, तब जाकर दोनों महिलाओं को जिला अस्पताल भेजा जा सका। लेकिन लापरवाही यहीं खत्म नहीं हुई।

एम्बुलेंस आने के बाद भी मरीजों को उसमें शिफ्ट करने के लिए कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। अंततः ड्यूटी पर मौजूद महिला स्टाफ नर्स ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए स्वयं दोनों महिलाओं को एम्बुलेंस में बैठाने की व्यवस्था की। उल्लेखनीय है कि पिपलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के विधानसभा क्षेत्र में स्थित है। इसके बावजूद यहां की स्वास्थ्य सेवाएं भगवान भरोसे चल रही हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन कर इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तो बना दिया गया और नई इमारत भी तैयार हो गई, लेकिन संसाधन, स्टाफ और आवश्यक सुविधाओं की भारी कमी बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अस्पताल में समय पर डॉक्टरों की उपलब्धता नहीं रहती और गंभीर मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद सीधे रेफर कर दिया जाता है। दुर्घटना या आपातकालीन मामलों में एम्बुलेंस और कर्मचारियों की कमी के कारण मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। इस घटना ने एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि पिपलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एम्बुलेंस, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ सहित आवश्यक संसाधनों की शीघ्र व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में किसी मरीज को इस तरह की अमानवीय स्थिति का सामना न करना पड़े।

# मनरेगा कोई मेहरबानी नहीं, किसानों व मजदूरों का अधिकार है- मीनाक्षी नटराजन

## मनरेगा बचाओ एवं किसानों के हुए नुकसान के विरोध में जिला कांग्रेस का विशाल धरना प्रदर्शन सम्पन्न



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना को कमजोर करने का कार्य केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। मनरेगा गांवों की आर्थिक रीढ़ है और केवल नाम बदलने से ग्रामीणों व मजदूरों का भला नहीं होने वाला। उक्त विचार कांग्रेस वर्किंग कमेटी की सदस्य एवं पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन ने जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में गांधी चौराहा, मंदसौर पर आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय विशाल धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

सुश्री नटराजन ने कहा कि मनरेगा कोई सरकारी मेहरबानी नहीं, बल्कि मजदूरों का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रस्तावित ट्रेड डील भारत के किसानों और देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएगी। जब देश पर टैरिफ लगाए जा रहे थे, तब केंद्र सरकार केवल दिखावटी बयानबाजी करती रही। इस सरकार को आम आदमी, किसान और मजदूरों से कोई सरोकार नहीं है, बल्कि यह केवल पूंजीपतियों के हितों की चिंता करती है। उन्होंने राज्य सरकार को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से किसानों को हुए भारी नुकसान के बावजूद जमीनी सर्वे के बजाय कार्यालयों में बैठकर औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2019 में कांग्रेस सरकार के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने किसानों को बिना सर्वे के तत्काल मुआवजा प्रदान किया था। धरना प्रदर्शन को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, विधायक विपिन जैन ने भी संबोधित किया। इस विशाल धरना प्रदर्शन में जिले भर से बड़ी संख्या में किसान, मजदूर एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। धरने के बाद सभी कार्यकर्तागण गांधी चौराहा से रैली के रूप में नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए सिटी कोतवाली पहुँच कर दो ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम व राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा गया। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित इस धरने को संबोधित करने वालो मे पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल,पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातडिया, परशुराम सिसोदिया, राकेश पाटीदार, राजेश रघुवंशी, सोमिल नाहटा, अजय लोढ़ा, दुर्गेश सिंह पटेल,अनीस मंसूरी, दीपक सिंह गुर्जर, निर्विकार रातडिया, युनुस मेव,बड़ीलाल धाकड़,रफत पयामी, रूपल संचेती, वर्षा सांखला, रंगलाल धनगर, राघव सिंह शक्तावत आदि ने धरने को संबोधित किया। संचालन प्रवीण मांगरिया,रमेश ब्रिजवानी,सुनील गुप्ता ने किया। आभार मल्हारगढ़ ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने माना।

## ग्राम पंचायतों में किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी जाएगी

**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्रीमती नीलम सिंह चौहान ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 11 जनवरी से 11 फरवरी तक जिले मे कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है।

# उद्यानिकी महाविद्यालय द्वारा औषधीय खेती पर कृषक प्रशिक्षण आयोजित, स्प्रे पंप वितरित



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर की अखिल भारतीय समन्वित औषधीय एवं संगध परियोजना एवं कृषि विज्ञान केंद्र ग्वालियर के सहयोग से अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र ग्वालियर में किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा ग्वालियर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत, सांसद प्रतिनिधि महेश कुशवाहा, संचालक अनुसंधान सेवाएं कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के डॉ संजय शर्मा, विश्वविद्यालय प्रमंडल सदस्य भवानी शंकर शर्मा, आईसीएआर डीएमएपीआर आनंद के प्रबंध समिति के सदस्य योगेश शर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी शैलेंद्र कुशवाहा, डॉएसके श्रीवास्तव एवं औषधीय अनुसंधान परियोजना के प्रभारी डॉ वसंत कचोली और वैज्ञानिक डॉ ओम सिंह उपस्थित थे।

इसके साथ ही आत्मा परियोजना के सदस्य धीरेंद्र शर्मा, भाजपा नेता दुबे की उपस्थिति सराहनीय रही। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भिंड ग्वालियर अशोकनगर गुना के 80 अनुसूचित जाति कृषकों को औषधीय फसलों खेती की उत्पादन तकनीकी एवं उनके से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डॉ बसंत कचौली ने इस प्रशिक्षण के महत्व ओर उद्देश्य के साथ इस क्षेत्र में किस औषधीय फसल की खेती की जा सकती एव हमें इनकी कैसी मार्केटिंग करना पड़ेगा के बारे विस्तार से बताया डॉ एस पी एस तोमर एवं डॉ धाकड़ द्वारा भी किसानों को औषधीय फसलों से संबंधित जानकारी दी डॉ ओम सिंह ने औषधीय फसलों में क्या गुण है और इनका दैनिक जीवन में क्या उपयोगिता है इसके सम्बन्ध में बताया अंत में डॉ एस सी श्रीवास्तव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। औषधीय अनुसंधान परियोजना के द्वारा अनुसूचित जाति के हितगाही किसानों को स्प्रे पंप का विवरण किया।

# गुम हुआ कीमती मोबाइल लौटाकर युवक ने दिखाई ईमानदारी




**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पिपलिया क्षेत्र में एक युवक ने गुम हुआ कीमती स्मार्ट मोबाइल उसके असली मालिक तक सुरक्षित पहुंचाकर ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपलियामंडी निवासी प्रदीप पोरवाल का नया और कीमती स्मार्ट मोबाइल महात्मा गांधी मार्ग पर चलते समय कहीं गिर गया था। मोबाइल गुम होने का पता चलते ही प्रदीप पोरवाल काफी परेशान हो गए और आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन मोबाइल का कोई सुराग नहीं मिल सका। इसी दौरान फाटक मोहल्ला निवासी तुषार पिता रमेश डाबी को सड़क किनारे पड़ा हुआ मोबाइल मिला। मोबाइल मिलने के बाद तुषार ने उसे अपने पास रखने या गलत इस्तेमाल करने के बजाय उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाने का निर्णय लिया। तुषार ने इस संबंध में अपने रिश्तेदार कृष्णा चौहान एवं सुश्री चंदा चौहान को जानकारी दी। कृष्णा चौहान व सुश्री चंदा चौहान के सहयोग से मोबाइल के मालिक की पहचान की गई। इसके बाद उनसे संपर्क कर उन्हें बुलाया गया और मोबाइल सुरक्षित रूप से सौंप दिया गया।

# नीमच के हित गायब,सांसद भी नहीं बता पाए जिले को क्या मिला तो आखिर कौन देगा नीमच के हितों की गारंटी -तरुण बाहेती

## सांसद सुधीर गुप्ता की प्रेस वार्ता पर तंज करते हुए कहा की यह विकास का नहीं बल्कि आंकड़ों की जादूगरी का बजट



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सरकार बजट को ऐतिहासिक बताकर वाहवाही लूटने की कोशिश कर रही है, लेकिन जब मीडियाकर्मियों ने सांसद सुधीर गुप्ता से पूछा कि इस बजट में नीमच-मंदसौर जिले को क्या मिला, तो वे कोई ठोस जवाब नहीं दे पाए।

जब सांसद को ही नहीं पता कि इस बजट में नीमच जिले को क्या सौगात है तो क्या गारंटी हैं की सांसद गुप्ता ने नीमच के हित की कोई मांग रखी भी है या नहीं? यह एक बड़ा सवाल है? यही इस बजट की असलियत है।

यह तंज जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरूण बाहेती ने कसते हुए कहा कि जब सांसद को ही अपने क्षेत्र के हिस्से की जानकारी नहीं है, तो कैसे माना जाए कि वह नीमच के हित की कोई बात सरकार के मंत्रियों से करी होंगी। कैसे माना जाएं की कि उन्होंने क्षेत्र की जनता की सुविधाओं के लिए लड़ाई लड़ी होगी। बाहेती ने कहा कि नीमच जिला कई वर्षों से लंबी दूरी की ट्रेनों बाट जोह रहा हैं। विडंबना है कि सुधीर गुप्ता के सांसद बनने के 12 वर्ष बाद भी वे आज तक देश की राजधानी दिल्ली जाने के लिए नीमच को कोई ट्रेन नहीं दिलवा पाए है तो जिले की जनता कैसे माने कि यह बजट विकासोन्मुखी है। उन्होंने कहा कि आम जनता को हर बजट से जो उत्सुकता रहती है कि उनके क्षेत्र को क्या मिलने वाला है लेकिन उनके क्षेत्र में यह बजट किसान, मजदूर, युवा और मध्यम वर्ग–चारों वर्गों को निराश करने वाला है। महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बदहाली जैसे ज्वलंत मुद्दों पर सरकार ने एक बार फिर आंखें मूंद ली हैं। बजट भाषण में बड़े-बड़े दावे किए गए, लेकिन जमीन पर राहत देने वाली कोई ठोस योजना नजर नहीं आती।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष बाहेती ने कहा सरकार को आखिर ऐसी क्या जरूरत पड़ी की बजट वाले दिन बजट प्रसारण के लिए बड़े-बड़े स्क्रीन लगानी पड़ी। सांसदों को प्रेस कांफ्रेंस करके खुद अपनी पीठ थपथपानी पड़ रही है जबकि पहले के बजट में ऐसा कभी नहीं हुआ की भाजपा संगठन को बजट की खूबियां बताने के लिए संगठन स्तर पर पदाधिकारी नियुक्त करने पड़े। इसका मतलब यह है कि आम जनता को ना सरकार पर और ना ही उनके नुमाइंदो पर अब भरोसा नहीं रहा है।

बाहेती ने कहा की महंगाई लगातार बढ़ रही है, बेरोजगारी चरम पर है और किसान कर्ज व लागत के बोझ तले दबा हुआ है, लेकिन बजट में इन ज्वलंत मुद्दों पर सरकार ने एक बार फिर आंखें मूंद ली हैं। बजट भाषण में बड़े-बड़े दावे जरूर किए गए, लेकिन जमीन पर राहत देने वाली कोई ठोस और प्रभावी योजना नजर नहीं आती। श्री बाहेती ने कहा, सरकार बार-बार पूछ रही है कि बजट ऐतिहासिक क्यों है, लेकिन जनता सवाल कर रही है, महंगाई क्यों नहीं घटी, रोजगार कहां हैं और किसान की आय कब दोगुनी होगी? उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में कॉरपोरेट घरानों को खुलकर रियायतें दी गई हैं, जबकि आम आदमी को सिर्फ आश्वासनों का पुलिंदा थमा दिया गया है। उन्होंने कहा कि एमएसपी की कानूनी गारंटी, युवाओं के लिए स्थायी रोजगार और महंगाई पर नियंत्रण जैसे अहम मुद्दों पर बजट पूरी तरह मौन है। नीमच जैसे कृषि प्रधान जिले के लिए न तो कोई विशेष पैकेज घोषित किया गया है और न ही किसी नई बड़ी परियोजना की घोषणा की गई है, जिससे क्षेत्र के विकास को गति मिल सके। श्री बाहेती ने तंज कसते हुए कहा कि अगर वास्तव में बजट में जनता के लिए राहत होती, तो सांसद को प्रेसवार्ता में जवाब देने में कोई हिचक नहीं होती। आखिर अब कौन नीमच के हितों की गारंटी देगा। सवालों से बचना और जवाब न दे पाना खुद इस बजट की पोल खोलता है। यह स्पष्ट करता है कि यह विकास का नहीं, बल्कि आंकड़ों की जादूगरी का बजट है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने दो टूक कहा कि कांग्रेस इस जनविरोधी बजट की सच्चाई को गांव-गांव और शहर-शहर जनता के सामने उजागर करेगी। उन्होंने कहा कि जिस बजट में अपने ही क्षेत्र का हिसाब न हो, वह जनता के हित में नहीं हो सकता। कांग्रेस नीमच के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेगी और जनता के हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से लड़ती रहेगी।

## सम्पादकीय

# सस्ती शिक्षा की महंगी कीमत: भारतीय छात्रों की त्रासदी


छात्रावास की शांत गलियों में अचानक गूंजती चीखें, फर्श पर बहता खून और भय से जमी आंखें–7 फरवरी 2026 की वह रात रूस के ऊफा शहर स्थित बश्कीर स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी के इतिहास पर एक काले अध्याय की तरह दर्ज हो गई। एक 15 वर्षीय किशोर परिसर में घुसा, सीधे डॉर्मिट्री पहुंचा और वहां मौजूद छात्रों पर बिना चेतावनी चाकू से हमला कर दिया। जहां कुछ देर पहले तक पढ़ाई, बातचीत और आराम का माहौल था, वहां पलभर में आतंक और अफरा-तफरी फैल गई। हमले में चार भारतीय छात्रों सहित छह लोग घायल हुए, जबकि दो पुलिसकर्मी भी इसकी चपेट में आए। शांत वातावरण देखते ही देखते भय के रणक्षेत्र में बदल गया। घायल छात्र अस्पताल में जिंदगी से जंग लड़ते रहे और हजारों किलोमीटर दूर भारत में उनके परिवार सदमे और बेचैनी में डूब गए। यह घटना केवल हिंसा नहीं थी, बल्कि उन सपनों पर किया गया क्रूर प्रहार थी, जिन्हें संजोकर हजारों युवा विदेश पढ़ने निकलते हैं।

अचानक गूंजती चीखों और भागते कदमों के बीच वह भयावह दृश्य सामने आया, जिसे प्रत्यक्षदर्शी शायद जीवन भर नहीं भूला पाएंगे। हमला पूरी तरह अप्रत्याशित और निर्दय था। कुछ छात्र खेल में मग्न थे, कोई घर बात कर रहा था, तो कोई परीक्षा की चर्चा में जुटा था। तभी किशोर ने चाकू निकालकर बिना चेतावनी हमला शुरू कर दिया। पलभर में अफरा-तफरी मच गई–कोई गिर पड़ा, कोई दीवार से टकराया, तो कोई घायल मित्र को संभालने में जुट गया। फर्श पर खून बहने लगा और हवा में दहशत घुल गई। चार भारतीय छात्र गंभीर रूप से घायल हुए। प्रारंभिक रिपोर्टों ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी–गार्ड देर से पहुंचे और आपात इंतजाम नाकाम रहे। इस लापरवाही ने छात्रों के मन में गहरा भय भर दिया। अब वही छात्रावास, जो कभी घर जैसा लगता था, उन्हें असुरक्षित पिंजरा प्रतीत होता है। हजारों किलोमीटर दूर भारत में बैठे माता पिता के लिए यह खबर किसी वज्रपात से कम नहीं थी। जिन हाथों ने बच्चों को आशीर्वाद देकर विदा किया था, वे अब हर पल प्रार्थना में जुड़े रहते हैं। कई परिवारों ने खेत बेचे, गहने गिरवी रखे और कर्ज लेकर बच्चों की फीस भरी थी। उन्हें भरोसा दिलाया गया था कि रूस में शिक्षा सुरक्षित, सस्ती और भविष्य निर्माण का मजबूत रास्ता है। लेकिन इस हमले ने उनके विश्वास को चकनाचूर कर दिया। अब हर फोन कॉल डर पैदा करता है और हर सुबह नई चिंता लेकर आती है। माता पिता यह सोचकर कांप उठते हैं कि कहीं अगली खबर और भी दर्दनाक न हो। विदेश में पढ़ाई का सपना अब उनके लिए आशा नहीं, बल्कि अनिश्चितता और भय का प्रतीक बन गया है।

यूक्रेन युद्ध के बाद रूस भारतीय मेडिकल छात्रों का बड़ा ठिकाना बन गया। कम फीस, आसान दाखिला और एनएमसी मान्यता ने हजारों युवाओं को आकर्षित किया। नीट की ऊंची कटऑफ और सरकारी सीटों की कमी ने उन्हें मजबूरी में विदेश भेजा। हर साल बड़ी संख्या में छात्र यहां एमबीबीएस करने पहुंचते हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक सहयोग पर कभी गंभीर ध्यान नहीं दिया गया। नस्लीय टिप्पणियां, रैगिंग, मारपीट और संदिग्ध मौतें पहले ही चेतावनी दे रही थीं। यह चाकू हमला उसी उपेक्षा का सबसे भयावह रूप बन गया। आज कई छात्र कहते हैं कि वे पढ़ाई से ज्यादा अपनी जान की चिंता करते हैं। एफएमजीई का कम पास प्रतिशत पहले ही दबाव बढ़ा रहा था, और अब भय ने उनके मनोबल को और कमजोर कर दिया है।

इस घटना ने विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही और संवेदनहीनता की परतें एक-एक कर खोल दी हैं। छात्रावासों में सुरक्षा गार्डों की कमी, कमजोर सीसीटीवी और ढीली आपात व्यवस्था लंबे समय से खतरे की चेतावनी दे रही थीं, लेकिन उन्हें लगातार नजरअंदाज किया गया। डॉर्मिट्री जैसे व्यस्त और संवेदनशील स्थानों पर भी ठोस सुरक्षा इंतजाम नहीं थे। यदि समय रहते निगरानी मजबूत की जाती और व्यवस्था को सख्त बनाया जाता, तो शायद यह त्रासदी टाली जा सकती थी। लेकिन लापरवाही ने हालात को भयावह बना दिया। अब साफ दिखता है कि विदेशी छात्रों को अक्सर केवल फीस का स्रोत माना जाता है। सवाल यह है–क्या इन संस्थानों के लिए छात्रों की जान की कोई अहमियत है, या वे सिर्फ रजिस्टर के आंकड़े बनकर रह गए हैं? सरकारी स्तर पर भी अब तक की प्रतिक्रिया अधिकतर औपचारिकता तक ही सीमित रही है। दूतावास ने एक्स पर बयान जारी किया, अधिकारियों को मौके पर भेजा और सहायता का भरोसा दिलाया, लेकिन इससे छात्रों के मन का डर कम नहीं हुआ। अब समय आ गया है कि कड़े और ठोस कदम उठाए जाएं। रूसी सरकार से स्पष्ट मांग होनी चाहिए कि सभी विदेशी छात्रावासों में 24×7 सुरक्षा, अतिरिक्त पुलिस बल, आधुनिक निगरानी प्रणाली और मानसिक परामर्श केंद्र अनिवार्य किए जाएं। हमले की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कठोर सजा मिलनी चाहिए। भारत सरकार को भी मजबूत हेल्पलाइन, नियमित सुरक्षा समीक्षा और व्यापक जागरूकता कार्यक्रम शुरू करने होंगे। केवल आश्वासन और बयान अब भरोसा पैदा नहीं कर सकते। यह दर्दनाक घटना भारत- रूस के शैक्षणिक संबंधों पर गहरे सवाल खड़े करती है। क्या छात्र केवल आंकड़े हैं, या उनकी सुरक्षा और सम्मान की भी कोई कीमत है? हर साल हजारों युवाओं का विदेश जाना तब तक उपलब्धि नहीं कहा जा सकता, जब वे डर और असुरक्षा में जीने को मजबूर हों।

# निष्काम भाव से किया गया कर्म ही सच्ची साधना है



मानव जीवन कर्म आधारित है कर्म के बगैर जीवन जीना असंभव है। निष्काम भाव हमें लाचार और दूसरों पर बोझ बना देता है अत- कर्म सफल जीवन की जरूरत है।

जब हमारे द्वारा किये गये कार्यों पर दूसरे लोग गर्व करते हैं, तब भी हमें अपने कार्य को लेकर गर्व महसूस ना हो तो इसका अर्थ है कि हममें कर्ता भाव बिलकुल नहीं है। यदि हम स्वयं के कार्य पर गर्व करते हैं तो वह गर्व सहज तो है पर कई बार यह भाव अभिमान बन जाता है, और हमें पता भी नहीं चलता। गर्व सकारात्मक अभिव्यक्ति है प्रशंसा की। लेकिन जब हमें अपने कार्य का अभिमान होने लगता और हममें मैंने यह क्रिया का भाव आता है, तब यह अभिमान बन जाता है जो एक नकारात्मक वृत्ति है। अभिमान में अहंकार की छाया रहती है। 'मैं' इस अभिमान का आधार है।

सहज योग में सहज कार्य करने वाले साधक में जब कर्ता भाव आता है तो श्री माताजी सहज योग से निकल जाने की सलाह देती हैं, क्योंकि यह भाव हमारे उत्थान में बहुत बड़ी बाधा है। दरअसल सहज योग में ढ़ेरों कार्य होते हैं, जब सहज योगी अपने द्वारा किये गये कार्यों को लेकर अभिमान महसूस करता है, तब यह सहज कार्य में मशहूर होने के प्रयास सम हो जाती है। निष्काम भाव से किया गया कर्म ही ईश्वर को स्वीकार होता है। निष्काम भाव हममें स्थापित हो इसके लिए सहज योग माध्यम में बहुत सरल उपाय है जिससे हम ईड़ा (बाई ओर) और पिंगला(दाहिनी ओर) दोनों नाड़ियों को संतुलित करते हैं जिससे हमारे अंदर अंहकार और प्रति अहंकार की भावना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। हमारे अंदर यह ज्ञान स्थापित होता है कि हमें कार्य करने की शुद्ध इच्छा ईश्वर के आशीर्वाद से ही मिलती और उस कार्य को पूर्ण करने का सामर्थ्य भी ईश्वर से ही प्राप्त होता है। हम इस सच्चाई से भिज्ञ होते हैं कि करता और करवाता ईश्वर है और हम सिर्फ और सिर्फ ईश्वर के माध्यम हैं। ईश्वर का माध्यम बनने की संतुष्टि हमें बहुत अधिक शांति प्रदान करती है।

चलिए हम सभी सहज योग से जुड़ते हैं और सुंदर ध्यान की तकनीक सीख ईश्वर का माध्यम बनते हैं। सहज योग ध्यान केंद्र सदैव सभी नये साधकों का स्वागत करता है।

# आखिर क्यों चर्चा में है खेजड़ी बचाओ जन-आंदोलन

इन दिनों राजस्थान में खेजड़ी बचाओ जन-आंदोलन खास चर्चा में है। दरअसल, खेजड़ी बचाओ जन-आंदोलन राजस्थान के राज्य वृक्ष 'खेजड़ी' के संरक्षण के लिए चलाया जा रहा एक जन-आंदोलन है। वास्तव में यह आंदोलन सोलर कंपनियों द्वारा पेड़ों की कटाई के कारण चर्चा में आया। आंदोलनकारियों का आरोप है कि राजस्थान के बीकानेर और आसपास के इलाकों में सोलर पावर प्रोजेक्ट्स स्थापित करने के लिए कंपनियां बड़े पैमाने पर खेजड़ी के पेड़ों की कटाई कर रही हैं। यह भी आरोप लगाया गया कि पकड़े जाने के डर से पेड़ों को रात के अंधेरे में काटकर जमीन में दबा दिया जाता है।

आंदोलनकारियों की मुख्य मांगें स्पष्ट हैं। वे पूरे राजस्थान में खेजड़ी की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध चाहते हैं। इसके साथ ही राज्य में एक प्रभावी 'ट्री प्रोटेक्शन एक्ट' लागू करने की मांग की जा रही है, जिसमें अवैध कटाई पर भारी जुर्माने (?1 लाख तक) और जेल की सजा का प्रावधान हो। आंदोलनकारियों का यह भी कहना है कि सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ऐसी जमीनों का ही आवंटन किया जाए, जहां पहले से हरे-भरे पेड़ मौजूद न हों। यहां पाठकों को बताना जरूरी है कि इस आंदोलन की मुख्य और प्रभावी शुरुआत हाल ही में 2 फरवरी 2026 को राजस्थान के बीकानेर जिले से हुई। हालांकि बीकानेर कलेक्ट्रेट और करणीसर भाटियान क्षेत्र में पिछले लगभग एक महीने से शांतिपूर्ण धरने और प्रदर्शन चल रहे थे, लेकिन फरवरी 2026 के पहले सप्ताह में इसे 'महा-आंदोलन' का रूप मिला।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार 2 फरवरी 2026 को बीकानेर के पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में हजारों पर्यावरण प्रेमियों, संतों और बिश्नोई समाज के लोगों का विशाल 'महापड़ाव' शुरू हुआ। इस दिन बीकानेर के बाजार पूरी तरह बंद रहे और स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया। इसके अगले दिन, 3 फरवरी 2026 को, कलेक्ट्रेट के सामने 363 संतों और पर्यावरण प्रेमियों ने आंखों पर पट्टी बांधकर 'आमरण अनशन' प्रारंभ किया। यह संख्या ऐतिहासिक खेजड़ली बलिदान की स्मृति में प्रतीकात्मक रूप से चुनी गई थी।

मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार 5 और 6 फरवरी 2026 को आंदोलन के बढ़ते दबाव के बीच राज्य के उद्योग मंत्री के.के. बिश्नोई धरना स्थल पर पहुंचे। सरकार की ओर से जोधपुर और बीकानेर संभाग में खेजड़ी की कटाई पर तत्काल लिखित प्रतिबंध लगाने तथा विधानसभा में सख्त 'ट्री प्रोटेक्शन एक्ट' लाने के आश्वासन के बाद आमरण अनशन समाप्त किया गया।

यह भी उल्लेखनीय है कि इस जन-आंदोलन का मुख्य केंद्र बीकानेर रहा, लेकिन इसकी गूंज पूरे पश्चिमी राजस्थान(जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर) में विशेष रूप से सुनाई दी। इस आंदोलन में न केवल राजस्थान, बल्कि हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आंदोलन को पूर्व मुख्यमंत्रियों वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत तथा हनुमान बेनीवाल जैसे प्रमुख नेताओं का भी समर्थन मिला, जिससे यह आंदोलन एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनकर उभरा।

फिलहाल आमरण अनशन समाप्त हो चुका है, लेकिन आंदोलनकारियों ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक विधानसभा में कानून पारित नहीं हो जाता, तब तक उनका प्रतीकात्मक धरना यानी 'महापड़ाव' जारी रहेगा। उनकी मांग है कि खेजड़ी कटाई पर लगाया गया प्रतिबंध पूरे राजस्थान में प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

यहां पाठकों को यह भी बताना आवश्यक है कि खेजड़ी संरक्षण का इतिहास राजस्थान की मिट्टी में गहराई से जुड़ा हुआ है। अमृता देवी बिश्नोई के नेतृत्व में वर्ष 1730 ईस्वी में 363 लोगों ने हरे पेड़ों को बचाने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। इन बलिदानियों में 69 महिलाएं और 294 पुरुष शामिल थे। खेजड़ली (जोधपुर) का यह बलिदान, वर्ष 1730 ईस्वी (विक्रम संवत 1787) में घटित, विश्व इतिहास की सबसे महान पर्यावरण संरक्षण घटनाओं में गिना जाता है। यह पेड़ों की रक्षा के लिए दिया गया पहला और सबसे बड़ा सामूहिक बलिदान माना जाता है।

इतिहास बताता है कि जोधपुर के तत्कालीन महाराजा अभय सिंह को अपने नए महल के निर्माण हेतु चूना पकाने के लिए बड़ी मात्रा में लकड़ी की आवश्यकता थी। इसके लिए उनके कारिंदे गिरधारी दास सैनिकों के साथ खेजड़ली गांव पहुंचे और खेजड़ी के हरे पेड़ों को काटने लगे। इसका अमृता देवी बिश्नोई ने कड़ा विरोध किया। उन्होंने सैनिकों को चुनौती देते हुए ऐतिहासिक नारा दिया- %सिर साठे रूंख रहे, तो भी सस्तो जाण।% अर्थात यदि सिर कटने के बाद भी एक पेड़ बचता है, तो यह सौदा भी सस्ता ही समझा जाना चाहिए।

पेड़ों को बचाने के लिए अमृता देवी सबसे पहले खेजड़ी के पेड़ से लिपट गईं। सैनिकों ने पेड़ के साथ उन्हें भी काट दिया। उनके बाद उनकी तीन बेटियां-आसू, रत्नी और भागू-और फिर उनके पति ने भी अपने प्राणों की आहुति दी। यह दृश्य देखकर पूरे गांव और आसपास के 84 गांवों के लोग उमड़ पड़े और एक-एक करके पेड़ों से लिपटते चले गए।

जब महाराजा अभय सिंह को इस भीषण नरसंहार की जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत पेड़ों की कटाई रुकवाई और भविष्य के लिए एक ताम्रपत्र यानी राजकीय आदेश जारी किया, जिसमें बिश्नोई बहुल क्षेत्रों में कभी भी हरे पेड़ न काटे जाने का निर्देश दिया गया।

यह भी उल्लेखनीय है कि आधुनिक काल का 'चिपको आंदोलन', जिसके प्रणेता सुंदरलाल बहुगुणा थे, इसी खेजड़ली बलिदान से प्रेरित माना जाता है। भारत सरकार और राजस्थान सरकार पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को अमृता देवी के नाम पर 'अमृता देवी वन्य जीव पुरस्कार' (राष्ट्रीय पुरस्कार) भी प्रदान करती हैं। खेजड़ली गांव में आज भी एक भव्य शहीद स्मारक स्थित है, जहां हर वर्ष भाद्रपद शुक्ल दशमी को विश्व का एकमात्र 'वृक्ष मेला' आयोजित किया जाता है।

अंत में यह कहना उचित होगा कि खेजड़ी का केवल पर्यावरणीय ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व भी है। यह आंदोलन केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि राजस्थान की संस्कृति और आस्था से गहराई से जुड़ा हुआ है। खेजड़ी राजस्थान का राज्य वृक्ष है, जिसका वैज्ञानिक नाम 'प्रोसोपिस सिनेरेरिया' है। इसे 'रेगिस्तान का कल्पवृक्ष' कहा जाता है और यह थार मरुस्थल की पारिस्थितिकी की रीढ़ की हड्डी मानी जाती है। गौरतलब है कि राजस्थान सरकार ने 31 अक्टूबर 1983 को खेजड़ी को राज्य वृक्ष घोषित किया था। इसका उद्देश्य थार मरुस्थल के पारिस्थितिकी तंत्र में इसके महत्व को देखते हुए इसके संरक्षण को बढ़ावा देना था।

यदि हम खेजड़ी वृक्षों से जुड़े आंकड़ों की बात करें, तो सरकार या किसी अन्य विश्वसनीय स्रोत द्वारा राज्य में खेजड़ी के कुल वृक्षों की वर्तमान आधिकारिक संख्या का कोई विस्तृत और ताजा डेटा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। हालांकि कुछ हालिया रिपोर्टों और विधायकों के बयानों से इसकी स्थिति का अनुमान लगाया जा सकता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार राजस्थान विधानसभा में एक स्थानीय विधायक ने यह बयान दिया कि पश्चिमी राजस्थान में पिछले 15 वर्षों में लगभग 26 लाख से अधिक खेजड़ी के पेड़ काटे जा चुके हैं और भविष्य में करीब 50 लाख खेजड़ी पेड़ों की कटाई की तैयारी बताई जा रही है। ये आंकड़े इस बात का संकेत देते हैं कि हजारों से लाखों की संख्या में खेजड़ी वृक्ष अभी भी मौजूद हैं, लेकिन उनका अस्तित्व गंभीर खतरे में है।

हालांकि, यहां राहत की बात यह है कि खेजड़ी संरक्षण के प्रयास भी जारी हैं। इसी क्रम में पाठकों को जानकारी देना आवश्यक है कि एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र के अनुसार राज्य में सोलर ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2028 तक 10 लाख (एक मिलियन) नए खेजड़ी वृक्ष लगाने का लक्ष्य घोषित किया गया है। इसका उद्देश्य राज्य में खेजड़ी की कुल संख्या बढ़ाना है।

आज भी पश्चिमी राजस्थान में लाखों खेजड़ी के पेड़ मौजूद हैं, लेकिन बड़ी संख्या में इन्हें काटा जा चुका है और भविष्य में कटाई की आशंका भी बनी हुई है। वास्तव में खेजड़ी बचाओ आंदोलन राजस्थान में खेजड़ी वृक्ष के संरक्षण के लिए चल रहा एक पर्यावरणीय और सामाजिक आंदोलन है। इसका मूल कारण खेजड़ी की अंधाधुंध कटाई और उससे हो रहे पर्यावरणीय नुकसान के खिलाफ जन-आक्रोश है। आंदोलनकारियों की प्रमुख मांग कानूनी सुरक्षा और प्रभावी रोक की है। सामाजिक और राजनीतिक समर्थन, आमरण अनशन तथा सरकार की ओर से दिए गए आश्वासनों के कारण यह आंदोलन राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में बना हुआ है।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि खेजड़ी केवल एक पेड़ नहीं, बल्कि मरुस्थल की जीवनरेखा है। इसका संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अनिवार्य है। वास्तव में खेजड़ी ही नहीं, सभी वृक्षों का संरक्षण संभव है और इसमें असंभव कुछ भी नहीं है। इसके लिए सबसे पहले अंधाधुंध कटाई पर सख्त रोक लगाना आवश्यक है। खाली पड़ी सरकारी भूमि, खेतों की मेड़ों और सड़कों के किनारे बड़े पैमाने पर खेजड़ी के नए पौधे लगाने का अभियान चलाया जाना चाहिए। नए पौधों के रोपण को प्राथमिकता देनी होगी। इसके साथ ही स्कूलों, कॉलेजों और ग्रामीण क्षेत्रों में खेजड़ी संरक्षण के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। खेजड़ी को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों, जैसे 'ग्लोबोटर्म्स' (दीमक), और विभिन्न रोगों से बचाने के लिए कृषि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार उचित जैविक उपचार किए जाने चाहिए। खेजड़ली बलिदान से प्रेरणा लेकर समुदाय को संगठित करना और संरक्षण के प्रयासों को बिश्नोई पंथ जैसी परंपराओं से जोड़ना भी अत्यंत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त पशु चराई पर नियंत्रण जरूरी है। खेजड़ी की वृद्धि दर बढ़ाने और इसे जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए उन्नत बीजों और आधुनिक तकनीकों पर शोध किया जाना चाहिए। खेजड़ी के आसपास जल संचयन की पारंपरिक विधियों, जैसे टांका और खडीन, को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि सूखे के समय भी इन पेड़ों को पर्याप्त नमी मिल सके।अति-दोहन पर रोक लगाने के साथ-साथ खेजड़ी संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और पंचायतों को पुरस्कार और आर्थिक सहायता प्रदान की जानी चाहिए। यदि हम पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा के प्रति सचेत और जागरूक रहेंगे, तो इसमें कोई संदेह नहीं कि हम वृक्षों को बचाने में सफल हो सकते हैं।

**-सुनील कुमार महला**

# बजट 2026 में इन क्षेत्रों पर सरकार का फोकस, वित्त मंत्री ने बता दिया पूरा रोडमैप

आज दुनिया जिस जियो-पॉलिटिकल उथल पुथल से गुजर रही है और उसकी वजह से देश के सामने जो मुश्किलें हैं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में उनसे बाहर निकलने का एक रोडमैप पेश किया। इनमें से सबसे बड़ी चुनौती रोजगार की है। इस वजह से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर काफी जोर दिया गया है। सरकार ने त्ष्क्क में इसका योगदान 25त्न तक करने का लक्ष्य रखा है, जबकि अभी तक 20त्न का लक्ष्य भी हासिल नहीं किया जा सका है।

इसे देखते हुए वित्त मंत्री ने 6 प्रायॉरिटी क्षेत्रों पर ध्यान दिया। इनमें सेमीकंडक्टर, बायोफार्मा, टेक्सटाइल, स्स्स्थ और अर्बन इकॉनमिक क्लस्टर्स शामिल हैं। सरकार का फोकस डोमेस्टिक इकॉनमी को और मजबूत करने पर है, ताकि देश को बाहरी झटकों से बचाया जा सके। डेयरी, फिशरीज और एग्रीकल्चर एंप्लॉयमेंट को मजबूती देने के लिए भी सरकार ने कई उपाय किए हैं, जिनका पॉजिटिव असर आने वाले वक्त में दिख सकता है।

इसके साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी सरकार का ध्यान बना हुआ है। वित्त वर्ष 2027 में कैपिटल एक्सपेंडिचर को 10त्न की बढ़ोतरी के साथ 12.2 लाख करोड़ रुपये करने का ऐलान किया गया है। पिछले कई वर्षों से प्राइवेट इन्वेस्टमेंट में तेजी की सरकार की उम्मीद पूरी नहीं हुई है। ऐसे में मजबूत ग्रोथ के लिए वह इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर पर निवेश बढ़ाना जारी रखेगी।

इसके साथ स्ट्रैटिजिक पहलू को ध्यान में रखकर क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ जैसे सेग्मेंट को बढ़ावा देने की बात भी सरकार ने कही है। कुछ समय पहले जिस तरह से चीन ने रेयर अर्थ मैग्नेट्स की सप्लाई रोक दी थी, उसे देखते हुए यह पहल अहम है। बजट में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, डेटा और क्लाउड सर्विसेज जैसे क्षेत्रों को लेकर भी ऐलान किए गए हैं, जो तेजी से बदलती दुनिया और जियो-पॉलिटिक्स के लिहाज से अहमियत रखते हैं।

बजट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी इकॉनमी बनने के लक्ष्य की ओर देख रहा है। वित्त वर्ष 2026 में वैश्विक उथल पुथल के बीच भारत की 7.4% की अनुमानित GDP ग्रोथ बड़ी बात कही जा सकती है।

**-सुनील कुमार महला**

# भारत के लिए निर्गुट आर्थिक सामरिक केंद्र होने की क्षमता

स्वतंत्रता के बाद भारत के परंपरागत रूप से रुस से बड़े ही प्रगाढ़ संबंध रहे हैं, जो कालांतर में लगातार सामरिक एवं आर्थिक संबंधों के चलते मजबूत होते गए हैं। वर्तमान में भारत का सबसे विश्वसनीय साथी और ट्रेड पार्टनर रूस और रूस के राष्ट्रपति पुतिन ही है। करोना काल से लेकर अब तक भारत ने रूस के साथ अरबो रुपए के व्यापार तथा सामरिक समझौते किए हैं, 2014 के बाद जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में आए हैं तब से भारत के विश्व के अनेक देशों से संबंध अत्यंत शक्तिशाली हुए और सामयिक व्यापारिक रिश्ते भी बने हैं। ताजा ताजा स्थिति में अमेरिका ने जो भारत पर अनावश्यक भारी टैरिफ लगाया था उसके विरोध में भारत ने चौतरफा कूटनीति नीति अपनाकर अमेरिका को मजबूर कर दिया है कि वह बराबरी का व्यापारिक रिश्ता बनाकर रखें अन्यथा अमेरिका भारत को खो सकता है। इसी श्रृंखला में भारत ने यूरोपीय यूनियन के साथ जो बड़ा मदर ऑफ ऑल डील्स किया है वह मील का पत्थर साबित हुआ, इसके बाद ही डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ समतुल्य टैरिफ पर व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए है। भारत और अमेरिका का यह बराबरी का संबंध आने वाले वर्षों में अत्यंत महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौता माना जाएगा। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि पिछले एक दशक में भारत ने अपनी अंतरराष्ट्रीय इमेज को बहुत ही बहुआयामी निर्मित कर लिया है। भारत क्योंकि खनिज संपदा, हाइडल प्रोजेक्ट और वित्तीय संस्थानों के कारण एक मजबूत राष्ट्र बन कर उभरा है। भारत एशिया की आर्थिक तथा सामरिक शक्ति बन चुका है। इसके अलावा भारत एक शक्तिशाली युवा देश भी है जिसके श्रमबल की गुणवत्ता के सुधार की बड़ी संभावना है ।भारतीय बैंकों में बचत की दर काफी ऊंची है और इसके अलावा मध्यमवर्गीय बचत से भारत में समृद्धि और विकास की अपार संभावनाएं मौजूद है। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा जो कि इन दिनों तीसरी जी-20 वित्त मंत्रियों तथा केंद्रीय बैंक के गवर्नर ओं की बैठक में भाग लेने के लिए गांधीनगर गुजरात आए हुए हैं उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने क्षेत्रीय समृद्धि को बढ़ावा देने और विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने में सराहनीय कार्य किए हैं ।अजय बंगा ने कहा कि विश्व बैंक भारत के आर्थिक रूप से वृद्धि को लेकर वे काफी आशावादी हैं और भारत को इन प्रयासों में तेजी लानी होगी। उन्होंने कहा कि भारत करोना महामारी के समय पैदा हुई चुनौतियों से मजबूत बनकर उभरा है और भारत वैश्विक स्तर पर कायम आर्थिक सुस्ती के बीच बहुत अच्छे कार्य कर रहा है जिसे उसे आगे रखने में काफी मदद मिलेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर काफी सुस्ती होने के बावजूद अपने घरेलू उत्पाद की वजह से सुरक्षित है। भारत को चीन प्लस 1 रणनीति का फायदा उठाना चाहिए 3 प्लस 1 रणनीति का मतलब है कि अब दुनिया के विकसित देशों की कंपनियां अपने निर्माण केंद्र के तौर पर चीन के साथ किसी अन्य देश को भी जोड़ना चाहती है और वर्तमान समय में भारत देश ही एक संभावित विकल्प बनकर उभरा है भारत को इस रणनीति का अवसर 10 वर्षों तक नहीं खुला रहेगा यह अवसर केवल 3 से 5 वर्ष तक ही खुला रह सकता है जिसका भारत को पूरा फायदा उठाना चाहिए।

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री मार्टिन वुल्फ ने तो स्पष्ट रूप से कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था निश्चित रूप से दुनिया में तेजी से बढ़ती हुई एक ताकत बनकर उभर रहा है और यही संभावनाएं पश्चिमी देशों को भारत पर दांव लगाने के लिए आकर्षित कर रही है उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती जनसंख्या और उसकी बचत करने क्षमता को देखते हुए भारत आगामी एक या दो दशक में विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बन सकता है ।अर्थशास्त्री तथा टिप्पणी कार मार्टिन वुल्फ़ ने कहा की आगामी दशकों में भारत की अर्थव्यवस्था और आबादी दोनों तेजी से बढ़ेगी और इसी के दम पर भारत चीन को बराबरी की टक्कर दे सकेगा इसके अलावा भारत के पश्चिमी देशों जैसे अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया ,फ्रांस ,कनाडा, इंग्लैंड, इजराइल और खाड़ी के देशों से आर्थिक संबंध काफी मजबूत हैं। पश्चिमी देश आने वाले समय में भारत को चीन की टक्कर देने वाला देश मान रहे हैं और अपना निवेश तथा समर्थन देने की पूरी संभावना तलाश रहे हैं। भारत पश्चिमी देशों के लिए आर्थिक निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य की तरह दिखाई दे रहा है जो भारत के लिए और उसके भविष्य के लिए बड़ा सकारात्मक पक्ष होगा। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड, विश्व बैंक और तमाम अर्थशास्त्रियों का मानना है कि भारत देश के बैंकों का बहीखाता बेहतर हो गया है और बैंकों की जमा पूंजी भी अच्छी खासी है इसके अलावा सकल वृद्धि भी एक बार फिर से बेहतर आकार ले रही है। भारत के रणनीति कूटनीतिक तथा आर्थिक व्यवसायिक संबंध विश्व के प्रमुख देशों से बहुत ही मुकम्मल हो गए हैं जिससे भारत को पश्चिमी देशों के इन्वेस्टमेंट का बड़ा केंद्र माना जा रहा है यदि पश्चिमी देश चीन के अलावा भारत को एक इन्वेस्टमेंट का बड़ा विकल्प मानती है तो भारत को विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता है।

**-संजीव ठाकुर**

# तेहरान क्या 'डे जीरो' की ओर बढ़ रहा है?

तेहरान क्या 'डे जीरो' की ओर बढ़ रहा है? मेरे इस सवाल से गफलत में न आएं। मैं अमेरिका के संभावित हमले का नहीं, बल्कि वहां उपजे अभूतपूर्व जल-संकट की ओर इशारा कर रहा हूं। चौतरफा समस्याओं से जूझ रही यह महानगरी बाहरी जंग के साथ इस कभी न खत्म होने वाली आपदा से भी पीड़ित है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने पीड़ापूर्वक कहा है कि देश की राजधानी को स्थानांतरित करना अब विकल्प नहीं, मजबूरी है।

यहां की जलापूर्ति का मुख्य स्रोत अल्बोर्ज पर्वतमालाओं की बर्फ है। जितनी बर्फ पड़ेगी, उतनी ही पिघलेगी और पिघलती हुई हर बूंद यहां के लोगों के सूखते हलक भिगोने के काम आएगी। सदियों पुराना यह सिलसिला 'ग्लोबल वार्मिंग' की चपेट में आ गया है। बर्फ पड़नी कम हो गई है और साल-दर-साल आबादी की बढ़ोतरी के साथ यहां से प्राप्त होने वाली जल-संपदा में घटोतरी हो रही है। नतीजतन, भूजल का भयंकर दोहन जारी है और इसकी वजह से यहां आबादी वाले इलाकों में भी जमीन का धंसना जारी है।

क्या आपको यहां भारतीय शहरों की याद नहीं आ रही? हमारा हाल भी कुछ जुदा नहीं, मगर इस पर आगे चर्चा करेंगे। पहले ईरान की पूरी बात। तेहरान की सरकार ने इससे निपटने के लिए 'स्मार्ट मीटरिंग' के साथ पानी के दबाव में कटौती की है, परंतु यह समस्या को वक्ती तौर पर टालने से अधिक कुछ भी नहीं। अगर हालात ऐसे ही रहे, तो अमेरिकी प्रक्षेपास्त्रों से ज्यादा पानी की कमी यहां के लोगों के लिए घातक साबित होगी। तेहरान आधुनिक युग में उजड़ने वाली दूसरी राजधानी साबित हो सकती है।

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पर यह आफत पहले से तारी है। जकार्ता को जलसंकट के चलते नुसंतारा स्थानांतरित किया जा रहा है। वजह? जकार्ता में पाइप के जरिये पानी की आपूर्ति सिर्फ 40 फीसदी आबादी तक ही है। भूजल जकार्तावासियों को पालता-पोसता है। नतीजतन, यह शहर 20 से 28 सेंटीमीटर प्रतिवर्ष की दर से नीचे की ओर धंस रहा है। एक तरफ जमीन धंस रही है, तो दूसरी तरफ समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है। अब तक इस महानगर के 40 फीसदी हिस्से को सागर की लहरें लील चुकी हैं। आशंका जताई जा रही है कि अगले 25 वर्षों में इसका रहा बचा इलाका समुद्र में गुम हो जाएगा।

हमारे देश के 21 शहर भयंकर जल-संकट की चपेट में हैं। इनमें नई दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और चेन्नई जैसे अति-महत्वपूर्ण महानगर शामिल हैं। बंगाल की खाड़ी के किनारे बसे चेन्नई में तो सन् 2019 में 'डे जीरो' जैसे हालात पैदा हो गए थे और आसपास के शहरों से ट्रेन के जरिये पानी पहुंचाना पड़ा था। भूजल के अत्यधिक दोहन की वजह से बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे में भी वैसे लक्षण प्रकट होने लगे हैं, जैसे शुरुआत में तेहरान या जकार्ता में हुए थे। यहां भी भूजल स्तर रसातल की ओर जा रहा है और जमीन धंसने की घटनाएं बढ़ रही हैं। बेंगलुरु को देश की 'डिजिटल कैपिटल' कहा जाता है, लेकिन यह आधुनिकता भला किस काम की, जब यहां के लोग और सरकार इस दिशा में कोई सार्थक कदम नहीं उठा पा रहे?

देश की राजधानी दिल्ली के हालात भी दयनीय हैं। यहां बरसों से पानी की राशनिंग लागू है। रोहिणी जैसे तमाम जनसंकुल इलाके ऐसे हैं, जहां दिनवार तरीके से जलापूर्ति की जाती है। यमुना के किनारे बसे इस शहर में कभी 24 घंटे पानी आता था। अब यमुना में अमोनिया की मात्रा इतनी अधिक हो गई है कि उसका जल ग्रहण करने योग्य नहीं रह बचा है। नतीजतन, यहां टैंकर माफिया सक्रिय हैं और एक बड़ी आबादी को उनसे मनमाने दामों पर आवश्यकता का पानी खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है। राजधानी की 90 फीसदी जलापूर्ति उत्तर प्रदेश और हरियाणा जैसे पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। अवर्षण या अत्यधिक गरमी की वजह से जब इन राज्यों में जलसंकट शुरू होता है, तब दिल्लीवासी इसका सर्वाधिक शिकार बनते हैं।

ऐसा नहीं है कि हुकूमत ने इस मुद्दे पर आंखें मूंद रखी हैं। केंद्र सरकार ने अटल भूजल योजना, नदी जोड़ो अभियान, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और डिजिटल वाटर ग्रिड जैसी तमाम योजनाएं लागू की हैं। अटल भूजल योजना के जरिये लोगों को जल-वितरण में साझी जिम्मेदारी सौंपने का प्रयास है। जल संबंधी जागृति बढ़ाने के लिए कई शहरों में पीजो मीटर स्थापित किए गए हैं। ये मीटर लोगों को गिरते भूगर्भीय जल की ताजातरीन स्थिति से वाकिफ कराते हैं।

इजरायल से 'ड्रिप इरिगेशन' की तकनीक भी हासिल की गई है, ताकि 60 से 70 फीसदी जल सिंचाई के दौरान बचाया जा सके। जल की रिसाइक्लिंग के जरिये 90 फीसदी के करीब जलभंडार को पुन- रोजमर्रा के काम में लाने की कवायद भी जोरों से जारी है। विदेश की कुछ कंपनियां वायु से जल बनाने में महारत हासिल कर चुकी हैं। एक नामचीन मंत्री तो अपने आवास में इस विधि से हासिल जल का ही उपयोग करते हैं। यह बात अलग है कि ऐसी तकनीक तक आम आदमी को पहुंचने में वर्षों लग जाएंगे। मैं आपका ध्यान नदी जोड़ो अभियान की ओर आकर्षित करना चाहूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यभार सम्हालते ही इस अभियान की शुरुआत की थी और इसके प्रथम चरण में केन और बेतवा नदी को जोड़ने का काम चालू है। अगर यह प्रयोग सफल रहा, तो हम तेजी से पनपते जल-संकट पर काफी कुछ काबू पा सकेंगे। हालांकि, बहुत से जानकार इसे खर्चीला और दूरगामी बताते हैं। जल-संकट, जलवायु और बिगड़ते पर्यावरण में घनिष्ठ संबंध है। दुनिया के साथ भारत में तेजी से इनके बिगड़ने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

**-धनंजय राजौरा**

# 25 सालों का रोडमैप है केंद्रीय बजटः सांसद फिरोजिया

**केंद्रीय बजट को लेकर हुआ प्रेसवार्ता का आयोजन**




**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भाजपा जिला कार्यालय पर रविवार को केंद्रीय बजट को लेकर प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जहा पार्टी पदाधिकारियों ने हाल ही में जारी किए गए बजट की खूबियां बताते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डाला और इसे आने वाले 25 सालों का रोड मैप करार दिया गया।

प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया ने मीडिया से बातचीत की और कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आया यह बजट अगले 25 साल की तैयारी है। उन्होंने इसे हर वर्ग का बजट बताया और कहा कि इसमें महिलाओं, युवाओं, गरीबों और मिडिल क्लास सबका ख्याल रखा गया है। उन्होंने जानकारी दी कि सरकार ने इस बार पढ़ाई (शिक्षा) और इलाज (स्वास्थ्य) पर खास फोकस किया है। उन्होंने बताया कि युवाओं को बेहतर शिक्षा और नौकरी के नए मौके देना सरकार का लक्ष्य है ताकि आत्मनिर्भर भारत का सपना सच हो सके। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि युवा, गरीब, महिला एवं किसान को केंद्र में रखकर देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नव नियुक्त जिला प्रभारी डॉ. प्रभु लाल जाटव ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 आम जनमानस की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यह बजट गांव, गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने वाला है तथा विकसित भारत के लक्ष्य को मजबूती प्रदान करेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने कहा कि यह बजट प्रदेश और जिले के विकास को नई गति देगा। इससे व्यापार, उद्योग, कृषि, युवाओं के स्वरोजगार एवं महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को साकार करता है। संचालन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्री संजय शिवहरे ने किया।

कांग्रेस पर निशाना- बजट की आलोचना करने पर सांसद फिरोजिया ने कहा कि कांग्रेस की हालत खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी हो गई है। क्योंकि उनके पास बजट के खिलाफ बोलने के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं है। इसलिए वे इस पर बिना हाथ पैर टिप्पणियां कर रहे हैं। जबकि यह बजट वास्तविकता में 20467 के विकसित भारत का रोड मैप है। जिसके सार्थक परिणाम आगामी समय में सभी के सामने होंगे।

## रेड रिबन क्लब द्वारा एच आई वी एड्स जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन ग्राम गद्दूखेड़ी में किया



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास की राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से संचालित रेड रिबन क्लब द्वारा,आज दिनांक 8 फरबरी महाविद्यालय की आईक्यूऐसी के साथ मिलकर रेड रिबन क्लब द्वारा एच आई वी एड्स जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन ग्राम गद्दूखेड़ी में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस पी एस राणा के मार्गदर्शन में किया गया। रेड रिबन क्लब प्रभारी ने बताया कि उक्त नाटक के आयोजन का उद्देश्य एच आई वी एड्स के प्रति जागरूकता लाना था,इस अवसर पर निखिल मालवीय और उनकी नुक्कड़ नाटक टीम के सदस्य के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

## कभी नहीं भूलेंगे सहज की सीख




**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** हमें अच्छे-बुरे का ज्ञान नहीं था, जो भी सीखा सहज से सीखा। यहां के संस्कार और ज्ञान को हम कभी नहीं भूलेंगे और स्कूल के नाम को ऊंचाईयों तक पहुंचाएंगे। यह कहना था कक्षा 12वी के विद्यार्थियों का जिन्हें स्कूल प्रबंधन और अन्य विद्यार्थियों ने भारी मन से विदाई दी। रविवार को दुपाड़ा रोड स्थित सहज पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वी के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। यहां बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी और स्कूल को अपनी यादों के रूप में स्मृतियां भी दी। सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रबंधन को बेहतर अध्ययन और अच्छे संस्कार देने के लिए धन्यवाद भी दिया। इसके बाद सभी विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय प्राचार्य डॉ. अंकुर जैन ने कहा कि आगामी दिनो में बोर्ड परीक्षाएं होंगी। जिसमें आप लोग अच्छे नंबरों से पास होकर भविष्य की नई राह बनाएंगे। आपके संस्कार आपकी ही नहीं बल्कि आपके विद्यालय की भी पहचान बनेंगे। इसीलिए आप लोगों को यहां हर स्थिति से लड़ना सिखाया गया है। आपके जीवन में नई-नई चुनौतियां भी आएंगी, जिनका सामना आपको डटकर करना है। यदि स्कूल प्रबंधन की आपको जहां भी सहायता लगे हम लोग आपके लिए हर समय तैयार हैं। संचालिका आशा जैन ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके जीवन का अब नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। जहां भी सहज पब्लिक स्कूल की आवश्यकता हो निःसंकोच चले आना। यह स्कूल आपका था और हमेशा रहेगा।

## श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह एवं यज्ञोपवीत संस्कार सम्मेलन सम्पन्न



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अवंतिका नगर मक्सी रोड स्थित श्यामा वाटिका गार्डन में 6 फरवरी को श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज का भव्य, अविस्मरणीय, अनूठा एवं अभूतपुर्व सम्मेलन, जागृति श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज सेवा संगठन देवास द्वारा किया गया जिसमे 8 जोड़ों का विवाह एवं 9 बटूको का यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न हुआ । यह आयोजन प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में उपस्थित लगभग चार हजार समाजजनों , महामंडलेश्वर द्वय ,विद्वत आचार्यों एवं विभिन्न जिला संगठनों के कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में मुख्यआचार्य डॉ. वेदप्रकाश जी शुक्ल एवं आचार्य प. कैलाशचंद्र जी जोशी तथा सहायक आचार्यो द्वारा पूर्ण वैदिक रीति सम्पन्न कराया गया। जागृति संगठन के द्वारा आयोजित एवं प्रांतीय महासभा द्वारा संयोजित इस आयोजन में जोड़ों को घर गृहस्थी का उपयोगी सामान जैसे कुलर, पलंग , अलमारी, ड्रेसिंग टेबल, टीवी, बर्तन आदि तथा सुहाग का सामान मंगलसूत्र ,पायल ,नाक का काटा आदि कन्यादान में समिति एवं दानदाताओं द्वारा प्रदान किया गया। जागृति संगठन के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने बताया कि संगठन द्वारा यह आयोजन एक सामूहिक सामाजिक बचत के उद्देश्य को लेकर किया गया था, जिसमे आयोजको को महत्वपूर्ण सफलता मिली साथ ही नव युवक युवतियों के लिए प्रेरणादायी रहा। इस आयोजन से समाज में नवचेतना,समरूपता तथा एकता का भाव जागृत हुआ है जो समाज को एक नई दिशा प्रदान करेगा । यह सम्मेलन एक आदर्श सम्मेलन के रूप में स्थापित हो गया है तथा आने वाले समय में संपन्न अथवा धनाढ्य लोग भी सम्मेलन में शादी करने के लिए आतुर होगे।

## न बादल, न कोहरा, अब बढ़ेगा तापमान

**सुबह-शाम रहेगी गुलाबी सर्दी, दिन में तपाएगी गर्मी**



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शुरूआत से ठिठुर रहा वर्ष 2026 में अब मौसम परिवर्तन होगा। मौसम विभाग के अनुसार न कोहरा छाएगा और न ही बादल छाएंगे। वहीं बारिश की भी कोई संभावना नहीं है। अब दिन का तापमान 30 से 35 डिग्री तक पहुंचेगा जिससे लोगों को सर्दी से राहत मिलेगी। वहीं आगामी सप्ताह से लोगों को अब गर्म कपड़ों की जगह पंखों के सहारे दिन और रात गुजारना होंगे।

दिसंबर माह के अंत और जनवरी की शुरूआत से ही मौसम सर्द बना हुआ था और नगरवासी पिछले दो माह से लगातार ठिठुर रहे थे। दिन में कभी मौसम गर्म हो रहा था तो शाम होते ही सर्द हवाएं फिर मौसम को सर्द बना रही थी। यही नहीं जनवरी माह में हुई ओलावृष्टि से पिछले एक सप्ताह से लोगों को दिन में भी सर्द हवाओं व कोहरे का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन पिछले दो दिनों से मौसम बदलने लगा है और हवाओं की गति भी कम हुई है। दिन में भी तेज धूप खिलने लगी है जिससे संभावना है कि आगामी दिनों में मौसम पूरी तरह बदल जाएगा।

सुबह-शाम गुलाबी सर्दी, दिन में गर्म रहेगा मौसम- स्थानीय मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि पहले हवाएं उत्तर-पूर्वी थी जो रविवार से दक्षिण-पश्चिमी हो गई हैं। जिसके चलते आगामी सप्ताह से मौसम गर्म होने लगेगा। उन्होंने बताया कि अगले सप्ताह से दिन का तापमान बढ़कर 32 से 35 डिग्री तक पहुंच सकता है। हालांकि रात में गुलाबी सर्दी का एहसास जरूर होगा। लेकिन मार्च के पहले सप्ताह से मौसम पूरी तरह गर्म हो जाएगा। जिसके चलते दिन का तापमान 35 से 40 डिग्री बना रहेगा।

## पुरानी पेंशन बहाली और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता लेकर रहेंगे सेन्धव



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह सेंधव ने बताया कि प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय सिंह गौड़, संभागीय संगठन मंत्री राजेंद्र यादव जिला संयोजक मोकित अली, प्रांतीय सदस्य दिनेश चौधरी, अनार सिंह ठाकुर की उपस्थिति में जिलाधीश के प्रतिनिधि तहसीलदार दीपिका पाव को इ अटेंडेंस बैंड की जाए, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, पुरानी पेंशन बहाली, आठवां वेतनमान, हड़ताल अवधि कटा हुआ वेतन भुगतान, कैशलेस मेडिकल सुविधा, गुरुजी की वरिष्ठता, अतिथि शिक्षकों का नियमित करण, माध्यमिक शाला में विज्ञान पद अनिवार्य, वेतनमान का ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के संजय पालीवाल, ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह कुशवाह, योगेंद्र सिंह रैकवार, अजय जाट जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह सायल, मानसिंह सेंधव ,फूल कुमार लकड़ा, राजेंद्र असल, अशोक राठौड़ , दुर्गेश जाजू, योगेश पाठक , मेहरबान सिंह चौहान, महिपाल सिंह सेंधव, रेखा गौड़, सुनीता राणा, सुनीता सकलेचा, ज्वाला चौहान,शिवचरण अगोरीया, दिलीप महेश फडकेवा, महेश हरखा, राकेश सोलंकी, इस्मा नायक, डागदीश बामनिया, हरनाम सिंह, योगेश पाटील, दीपक रेकवाल, माजिद, मायाजोगी गोयल, कबीर साहू, मालपोल सिह, सुशील पुरोहित, अजय गौड़, भानु सेघल, राजबाबू, मधुपाल सिह, मेहरबान सिह, अरिदेश प्रोढा, अजय पाण्डे, जलमात सिह, विजय सिह गोपाळ, मनीष सिह गाजली, हरनाम सिह मालवीय, रक्षा मौर, सुनील पवारती, सुनील सोकलेना, प्रकाश पोकळी, जसमत सिह कुशवाह, रौशन सिह बोहित, इंदर सिह लोधा, खुम्बीचंद गर्गी, गिरधारी लाल बोहा, कमल किशोर पाटीदार, जितेन्द्रसिह सेठा, अनंतर, राजेन्द्र सिह अमरल, मजीद रे गाडेव, सुरेश माली, संजय पारेखाल, राव चोहान,दिलीप सकलेचा,फरीद खान, मनोज गौतम सोमा (होशियार), मनोज गौतम हवे (देवराज अटोरा), सागरमल पारिख, सूरजमल ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ कि प्रदेश कार्य समिति की बैठक देवास में संपन्न



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 8 फरवरी को पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक देवास में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष उजागर सिंह चौहान कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के संरक्षक एम एल मालवीय देवड़ा एवं विशेष अतिथि देवास जिला अध्यक्ष देवी शंकर तिवारी रहे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर सरस्वती वंदना की गई तत्पश्चात देवास जिले की ओर से समस्त अतिथियों का मोतियों की माला और पेंशनर संघ का दुपट्टा औड़ा कर स्वागत जिला अध्यक्ष देवी शंकर तिवारी, जिला सचिव अरविंद शर्मा, जिला सह सचिव कांतिलाल पटेल ने किया। सर्वप्रथम प्रदेश से आए हुए प्रतिनिधियों ने अपना अपना परिचय दिया। तत्पश्चात पिछली बैठक की कार्यवाही का विवरण प्रदेश महामंत्री हरिहर शर्मा द्वारा विस्तार से वाचन किया गया एवं संघ द्वारा की गई कार्रवाई से सभी को अवगत कराया। तत्पश्चात सभी जिलों के एक-एक प्रतिनिधि द्वारा अपने-अपने जिले की वर्ष भर की गतिविधि प्रस्तुत की गई। देवास से एम एल मालवीय देवड़ा, मुरैना से आर सी शर्मा, उज्जैन से जिला अध्यक्ष अरविंद भटनागर, जी एस उदेनिया दतिया, सुरेश रतलाम एवं गुना मंदसौर आदि जगहों के प्रतिनिधि ने अपने-अपने जिले की वर्ष भर की गतिविधि का वाचन किया। कार्यक्रम के पश्चात दिवंगत पेंशनर साथियों घनश्याम श्रीवास्तव कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं अन्य को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक के मुख्य एजेंडा वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकाल अप्रैल 2026 में समाप्त होने पर प्रदेश अध्यक्ष हेतु देवास जिला अध्यक्ष पण्डित देवीशंकर तिवारी का नाम प्रस्तावित किया गया उपस्थित सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की इस विषय को प्रदेश कि साधारण सभा में अनुमोदन हेतु रखा जायेगा।

## यूजीसी के विरोध में सड़क पर उतरा सवर्ण समाज

**नए प्रावधान को बताया काला कानून, नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन**




**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की नई गाइडलाइंस के विरोध में रविवार को नगर के स्वर्ण समाज ने जमकर प्रदर्शन किया। सवर्ण एकता मंच के बैनर तले आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में हजारों लोग शामिल हुए और प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के नए प्रावधानों को काला कानून करार देते हुए नारेबाजी की। इसके बाद सभी ने ज्ञापन सौंपकर इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई।

विरोध प्रदर्शन की शुरुआत स्थानीय बस स्टैंड से हुई, जहां विभिन्न सवर्ण समाजों के लोग दोपहर से ही इकट्ठा होने लगे थे। इसके बाद रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड तक पहुंची। रैली में युवा, बुजुर्ग और प्रबुद्धजन हाथों में तख्तियां लिए यूजीसी एक्ट के विरोध में नारे लगा रहे थे। रैली के समापन पर सवर्ण एकता मंच के पदाधिकारियों ने राष्ट्पति के नाम एक ज्ञापन शाजापुर एसडीएम मनीषा वास्कले को सौंपा। ज्ञापन में यूजीसी की नई गाइडलाइंस पर तत्काल रोक लगाने और उनके पुनरीक्षण की मांग की गई। इसके साथ ही अकादमिक स्वतंत्रता की रक्षा, झूठी शिकायतों पर दंडात्मक प्रावधान के साथ ही सवर्ण समाज से जुड़े अन्य मुद्दों पर कार्रवाई की भी मांग की गई। स्वर्ण एकता मंच के बैनर तले एकत्रित हुए हजारों लोगों ने मंच से एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया तो वे अपने आंदोलन को और तेज करेंगे।

श्री राजपूत करणी सेना भी उतरेगी मैदान में- श्री राजपूत करणी सेना जिलाध्यक्ष सुरेंद्रसिंह जादौन के नेतृत्व में श्री राजपूत करणी सेना भी यूजीसी एक्ट और केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई नई गाईड लाईन के विरोध में मैदान में उतरेगी। जिसमें हजारों समाजजनों सहित नगरवासी भी करणी सेना के इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष श्री जादौन ने बताया कि केंद्र सरकार की यह नई गाईड लाईन सभी के लिए घातक है। जिस पर तत्काल रोक लगाना चाहिए। इसी को लेकर श्री राजपूत करणी सेना द्वारा 22 फरवरी को वृहद स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें करणी सैनिकों के अलावा नगरवासी भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस दिन प्रातः 9 बजे सभी लोग मां राजराजेश्वरी मंदिर पर एकत्रित होंगे। जहां से रैली के रूप में सभी टंकी चौराहा स्थित पुरानी मंडी पहुंचेंगे जहां श्री राजपूत करणी सेना के पदाधिकारियों द्वारा सभा को संबोधित किया जाएगा।

## शिक्षा के साथ संस्कारों का केंद्र है सरस्वती विद्या मंदिरः शर्मा



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सरस्वती विद्या मंदिर शिक्षा के साथ संस्कारों का भी केंद्र है। यहां पर व्यक्ति नहीं बल्कि उसके चरित्र का निर्माण किया जाता है।

यह बात विद्यालय के पूर्व छात्र और पत्रकार अजय शर्मा ने दुपाड़ा रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा 12वीं के छात्रों के विदाई समारोह कार्यक्रम में कहीं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित श्री शर्मा ने कहा कि आज के परिवेश में जहां छात्रों के करियर पर ध्यान दिया जाता है। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर में छात्रों के करियर के साथ उनके कैरेक्टर को भी तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा कि 1952 से संचालित सरस्वती विद्या मंदिर आज देश के अलग-अलग हिस्सों में अनुशासन और संस्कारों के साथ आधुनिक शिक्षा का भी ज्ञान देने का काम कर रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित विभाग समन्वयक व पूर्व प्राचार्य सुरेन्द्र जोशी ने कहा कि आज देश के अलग-अलग हिस्सों में सरस्वती विद्या मंदिर में पढ़े छात्र समाज हित और राष्ट्हित में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ ही विद्यालय में बिताए समय पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम को हिंदी माध्यम के प्राचार्य देवकरण शर्मा एवं विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अजीत पाराशर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर विद्यालय समिति के सचिव अजय पोल, सीबीएससी प्राचार्य राहुल देशमुख, ज्योतिनगर के प्रधान आचार्य चंद्रशेखर शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्रा स्नेहा सौराष्ट्रीय ने किया तथा आभार छात्र अजय गरासिया ने माना।

## आमने-सामने भिड़ी मोटर साइकिलें, दो लोग घायल



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नेशनल हाईवे-52 स्थित बिजाना जोड़ के पास रविवार दोपहर करीब 2 बजे दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें से एक घायल को गंभीर स्थिति में इंदौर रैफर किया गया है।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों की मदद की। वहां से गुजर रही महाराष्ट्र की एक एंबुलेंस के चालक ने एक घायल युवक को तत्काल शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया। दूसरे घायल की हालत गंभीर होने के कारण उसे 108 एंबुलेंस की मदद से अन्यत्र उपचार के लिए ले जाया गया। जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। वहीं जिला अस्पताल में भर्ती घायल युवक की पहचान शाजापुर निवासी लोकेंद्र पिता विष्णु प्रसाद के रूप में हुई है। जिसके सिर में गंभीर चोट आई है और फ्रैक्चर भी हुआ है। प्राथमिक उपचार और सिटी स्कैन के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर कर दिया गया है।

## अशासकीय शिक्षण संस्था संचालक संघ का शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सेन थॉम अकादमी, देवास में नगर के अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों का शिक्षक सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा संस्कृति न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने की। कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत, नई दिल्ली के राष्ट्रीय संयोजक प्रो. ओमप्रकाश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में संघ के अध्यक्ष राजेश खत्री एवं सचिव दिनेश मिश्रा मंचासीन रहे।

अध्यक्षीय उद्बोधन में अतुल कोठारी ने अशासकीय शिक्षण संस्था संचालक संघ द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम सभी के भीतर सबसे पहले आचार्य देवो भवः की भावना होनी चाहिए, क्योंकि विश्व में आचार्य का कार्य सबसे श्रेष्ठ एवं चुनौतीपूर्ण होता है।

कार्यक्रम में देवास के 96 विद्यालयों के संचालक, प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सैयद मकसूद अली एवं कीर्ति चव्हाण द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत इज़ीयर अकादमी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

संघ द्वारा देवास के शिक्षक हेमंत वर्मा को साइकिलिंग के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान चलाने हेतु तथा शिक्षक दंपति आदित्य दुबे एवं रिचा दुबे को पर्यावरण संरक्षण हेतु संचालित मेरे गणेश, मिट्टी के गणेश अभियान के लिए प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

साथ ही देवास नगर के विभिन्न विद्यालयों के श्रेष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं में

कल्पना व्यास, मीनाक्षी पाठक, संजय देवल, प्रज्ञा मिश्रा, रेणुका अवधवाल, समीना शेख, शैलजा पिल्लई, पूनम मंडल, अंजुलता जवाने, स्वाति प्रजापति, अरुणा जैन, ज्योति भंडारी, रेशमा शेख, रेखा कुमावत, स्मृति नासिकर, निदा शेख, विनोद चौहान, जयमाला कानूनगो, दक्ष गोस्वामी, रीना ठाकुर, श्वेता माली, रत्नमाला मकोड़े, रिया नागवानी, शिवानी आचार्य, रेखा वर्मा, शीला वर्गीस, शोभा सुनील, मेघा शर्मा, आकाश चौहान, नीलमणि, ज्योति पटेल, दिशा कोष्ठी, रेणु सक्सेना, ममता यादव, आबिद अली, आकांक्षा जायसवाल, पूजा रघुवंशी, विलय नायर, सोनिया हिनोरे, यास्मीन शेख, नेहा बोदानिया, गोवर्धनलाल बोदानिया, पूजा शर्मा, आशीष पौराणिक, रागिनी चौरसिया, सारिका मुजमेर, सुनीता शर्मा, प्रमिला तिवारी, ममता ठाकुर, विपिन शर्मा, प्रियंका व्यास, उषा देशमुख, तरुणा शिंदे एवं संजीव शर्मा सहित कुल 96 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया।

स्वागत भाषण संघ अध्यक्ष राजेश खत्री ने दिया। अतिथि परिचय सुरेंद्र राठौर द्वारा कराया गया तथा कार्यक्रम के अंत में स्वप्निल जैन ने आभार प्रदर्शन किया। उक्त जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी शकील कादरी, आदित्य दुबे एवं अबरार अहमद शेख द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान की गई।

## राजकुमार जोशी एवं राजेश जोशी गुर्जर गौड ब्राह्मण नगर सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुर्जर गौड ब्राह्मण नगर सभा देवास के संरक्षक एडवोकेट एम एम मोदी एवं नवीन दुबे की अनुमति एवं कार्यकारिणी की सहमति से नगर सभा अध्यक्ष संतोष दुबे द्वारा नगर सभा के वरिष्ठ सदस्य राजकुमार जोशी एवं राजेश जोशी को नगर सभा कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति गौतम आश्रम में आयोजित कार्यकारणी के बैठक में प्रदान की । इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण महासंघ के जिला अध्यक्ष दिनेश मिश्रा उपस्थित थे। ट्रस्ट अध्यक्ष एम एम दुबे ,सचिव अमित पंडित, यूवा संघ अध्यक्ष प्रखर शर्मा ,महिला सभा अध्यक्ष अनुपमा पाठक ,उत्सव समिति अध्यक्ष रवि व्यास, मीडिया प्रभारी चेतन उपाध्याय बसंत व्यास, दीपक तिवारी, डॉ संजय तिवारी , संतोष त्रिवेदी , गिरधर शर्मा ,जितेंद्र शर्मा , अतुल पाठक ,संजय त्रिवेदी, संजय शर्मा, गोपाल जोशी, प्रवेश उपाध्याय, अशोक पाठक नरेंद्र जोशी संतोष जोशी, पुनीत उपाध्याय सहित सदस्यगण एवं बी सी ग्रुप व समाज जनों द्वारा दोनों उपाध्यक्ष को बधाई दी गई। नवीन दुबे ने बसंत पंचमी पर आयोजित सामूहिक विवाह एवं बटुक सम्मेल के सफल आयोजन के लिए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ, नगर सभा एवं महिला सभा का आभार मनाते हुए सम्मेलन का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया । संचालन चेतन उपाध्याय ने किया।

# दलित हिंदू नेता मनोज परमार ने दिखाई मानवता की मिसाल

## सोशल मीडिया पर सैकड़ो लोगों ने मनोज परमार की सराहना




**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया इंदौर राजस्थान के भीलवाड़ा से इंदौर जाते समय मानवता और भाईचारे की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई। दलित हिंदू नेता मनोज परमार ने सड़क दुर्घटना में फंसे एक मुस्लिम परिवार की जान बचाकर समाज में आपसी सद्भाव का मजबूत संदेश दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यात्रा के दौरान रास्ते में एक कार पलटी हुई दिखाई दी। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मनोज परमार तुरंत अपनी गाड़ी के काफिले को रुकवाया गाड़ी से उतरे और बिना किसी देरी के दुर्घटनाग्रस्त वाहन में फंसे लोगों की मदद के लिए आगे बढ़े। उन्होंने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए गाड़ी में फंसे पूरे मुस्लिम परिवार को सुरक्षित बाहर निकाला, जिससे एक बड़ा अनहोनी टल गई।

मदद पाने वाले परिवार ने बताया कि वे अजमेर शरीफ के दर्शन कर लौट रहे थे, तभी रास्ते में टक्कर लगने से उनकी कार पलट गई। अचानक हुए इस हादसे में वे बुरी तरह घबरा गए थे, लेकिन समय पर मिली सहायता से सभी की जान बच सकी।

इस मानवीय कार्य के बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने मनोज परमार की खुले दिल से सराहना की। यह घटना यह साबित करती है कि धर्म, जाति और समुदाय से ऊपर इंसानियत होती है, और संकट की घड़ी में एक-दूसरे का साथ देना ही सच्चा धर्म है।

मनोज परमार का यह कार्य समाज के लिए एक प्रेरणा है, जो आपसी सौहार्द, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को और मजबूत करता है।

दादा का सौभाव ही ऐसा है - इंदौर शहर के निवासी भारत के सैकड़ो में युवाओं के कर्णधार कहलाने वाले हिंदू वीर दलित नेता मनोज परमार देश भर में भ्रमण करते हैं इसी प्रकार पिछले दिनों राजस्थान के भीलवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे उनकी यात्रा के दौरान हाईवे पर उन्हें एक गाड़ी जो की ड्राइवर की सूझबूझ से पलट गई थी गाड़ी में सवार यात्री भयभीत और चिल्ला चोट कर रहे थे इस दौरान मनोज परमार का काफिला उसे रास्ते से निकल रहा था जैसे ही मनोज दादा ने रोड पर पलटी कार को देखा तो वह तुरंत अपने काफिले को रुकैया और एक पल में ही मदद के लिए चलती गाड़ी से कूद गए धीरे-धीरे करके गाड़ी में फंसे यात्रियों को निकाल और फिर अपने साथियों की मदद से गाड़ी जो की उल्टी पड़ी हुई थी उसे सुल्टी कर सभी के हाल-चाल जाने यहां तक की उन्हें अस्पताल तक ले जाने के लिए अपनी गाड़ियों के तुरंत फाटक खुला दिए लेकिन गाड़ी में सवार मुस्लिम परिवार ने कहा इस मदद के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद वाक्य ही आप दिल के राजा व्यक्ति है की बात भी कहीं

उक्त घटना सोशल मीडिया पर आग की तरह फैली लोगों ने कहां धन्य है दादा मनोज वर्मा - जैसे ही इंदौर से भीलवाड़ा जाते समय कार पलटी की इस घटना के बाद जो मनोज परमार ने अपनी बहादुरी दिखाते हुए एक अति महत्वपूर्ण पहल की है जिसे भारत की कहावत में मानवता के रूप में जाना जाता है खुद जो मनोज परमार देश हित के लिए कार्य करते हैं राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हैं जाति धर्म से उठकर आम लोगों के लिए कार्य करने वाले मनोज परमार ने उक्त घटना का जैसे ही लोगों ने सोशल मीडिया पर फोटो एवं वीडियो अपलोड किया तो देश भर से लोगों ने उन्हें दिल खोलकर उनकी सरहाना करते हुए उनकी मानवता को लेकर उन्हें धन्यवाद दिया।

# प्रोग्रेसिव एसोसिएशन की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर दिया जोर



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया प्रोग्रेसिव एसोसिएशन अकोदिया ब्लॉक की बैठक अध्यक्ष केदार सिंह राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें उपस्थित सदस्यों वरिष्ठ जनों द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई बैठक में अकोदिया ब्लॉक में संगठन के नवीन सदस्य बनाने एवं सभी विभागों के पेंशनरों को शामिल करने को लेकर चर्चा की गई इस अवसर पर नारायण सिंह परमार गोपाल व्यास संगठन मंत्री डॉ सुशील कुमार गेहलोत गजराज सिंह जायसवाल दयाराम मालवीय बंशीधर पांडे मदन सिंह मेवाडा रमेश चंद्र राजपूत कमल सिंह परमार राधेश्याम पटेल बंशीधर शर्मा सुधीर चौरासिया सहित सदस्य गण उपस्थित थे।

# प्रीती सोमानी माहेश्वरी महिला मंडल की निर्विरोध अध्यक्ष बनी



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय संगठन के निर्देशानुसार माहेश्वरी समाज महिला इकाई के चुनाव निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुए। चुनाव के तहत अकोदिया, पोलाय,अवंतीपुर बडोदिया महिला मंडल के चुनाव इलेक्शन अधिकारी जिला उपाध्यक्ष रीता लाहोटी एवं पर्यवेक्षक जिला प्रचार मंत्री एवं निवृत्तमान अध्यक्ष सरिता राठी की उपस्थिति मे किए गए। चुनाव प्रकिया के तरह निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुए जिसमे अध्यक्ष पद पर प्रीति सोमानी,सचिव रीना राठी,कोषाध्यक्ष प्रियल धूत,उपाध्यक्ष शशि सर्राफ,संगठनमंत्री ज्योति राठी,सहसचिव सरिता लाहोटी,प्रचार मंत्री व मीडिया प्रभारी विनीता राठी,सांस्कृतिक सचिव विधि लाहोटी, सुरभि चांडक को नियुक्त किया गया। सभी पदाधिकारीयों की नियुक्ति पर समाजजन ने हर्ष व्यक्त कर शुभकामनायें प्रेषित की।

# श्री मनोकामनेश्वर महादेव में शिव नवरात्रि महोत्सव



**देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शिव नवरात्रि के चलते स्थानीय श्री मनोकामनेश्वर महादेव मंदिर में 7 फरवरी से 15 फरवरी तक महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन समय प्रथम सत्र प्रातः काल पूजन अभिषेक, द्वितीय सत्र सायं काल जप होंगे। 14 फरवरी शनि प्रदोष के दिन सामूहिक पार्थिव शिवलिंग का पूजन होगा। महाशिवरात्रि वाले दिन विशेष श्रृंगार, महाभोग एवं महाप्रसाद जी का वितरण होगा। उक्त जानकारी आचार्य पंडित विकास जोशी ने दी।

## 9 फरवरी को बंधक श्रम उन्मूलन दिवस के अवसर पर नयी श्रमिक संहिताओं पर कार्यशाला

**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्रम विभाग ने 9 फरवरी को बंधक श्रम उन्मूलन दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेन्शन सेंटर (मिंटो हॉल) में कार्यशाला का आयोजन किया है। उद्घाटन सुबह 10 बजे श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल करेंगे। कार्यशाला में राज्य स्तरीय एक्शन प्लान का विमोचन भी होगा।

बंधक श्रम (बंधुआ मजदूरी) कराने वालों के विरुद्ध मध्यप्रदेश का श्रम विभाग 9 फरवरी बंधक श्रम उन्मूलन दिवस से विशेष अभियान भी शुरू करने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि श्रम मंत्री की पहल पर विभाग ने बाल एवं बंधक श्रम को रोकने और जागरुकता लाने एक विशेष वेदा पहल की शुरुआत की है।

पहला- बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत राज्य एक्शन प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा होगी। इसमें अधिनियम के अंतर्गत निरीक्षण, पहचान, बचाव एवं पुनर्वास की प्रक्रिया पर चर्चा की जाएगी।

दूसरा- बंधुआ श्रम (उन्मूलन) अधिनियम, 1976 के क्रियान्वयन के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अधिनियम की उपलब्धियों एवं वर्तमान चुनौतियों पर विचार किया जाएगा।

तीसरा- नई चार श्रम संहिताओं के माध्यम से श्रमिकों, विशेषकर महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा एवं सामाजिक संरक्षण से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी।

चौथा- राज्य एक्शन प्लान के माध्यम से विभागीय समन्वय, प्रवर्तन व्यवस्था एवं जनजागरूकता को सुदृढ़ करने की रणनीति प्रस्तुत की जाएगी। श्रम विभाग के अनुसार, कार्यशाला का उद्देश्य कानून, नीति और जमीनी क्रियान्वयन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है, ताकि राज्य में बाल एवं बंधुआ श्रम के उन्मूलन की दिशा में प्रभावी और ठोस परिणाम सुनिश्चित किए जा सकें।

# जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में




**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुविधाए उपलब्ध कराने में सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्य अमले का अहम योगदान रहा है। जिले में स्वास्थ्य सेवाए और सुदृढ हो, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं तत्परतापूर्वक उपलब्ध हो। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके तथा सड़क दुर्घटनाओं में पीडितों को त्वरित उपचार मिले और जनहानि कम हो। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नीमच में रविवार को आपातकालीन सेवाओं के सुदृढीकरण विषय पर जिले के चिकित्सकों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, मेडिकल कालेज नीमच के डीन डॉ.आदित्य बैराल, आईएमए अध्यक्ष डॉ.मनीष चमडिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटिल आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

कार्यशाला के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री चंद्रा ने कहा, कि गर्भवती महिलाओं एवं हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का बेहतर प्रबंधन, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सामुहिक प्रयास किए जा रहे है। इसमें सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अमले द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा, कि इस कार्यशाला से सभी को कुछ ना कुछ नया सीखने को मिलेगा।

इस कार्यशाला में आपातकालीन सेवाओं के सुदृढ़ीकरण- चिकित्सकों को आपातकालीन स्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के लिए विस्तार से जानकारी दी गई।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य- गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल में सुधार के लिए विशेष सुझाव दिए गए।

दुर्घटना प्रबंधन- दुर्घटनाओं में घायलों को प्राथमिक उपचार और सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने के लिए रणनीतियाँ साझा की गईं। सामुदायिक जागरूकता- कार्यशाला में स्थानीय समुदाय को आपातकालीन सेवाओं के बारे में जागरूक करने पर भी जोर दिया गया।

कार्यशाला में आपातकालीन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी, दुर्घटना पीड़ितों के लिए समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सकों को आपातकालीन सेवाओं में दक्षता बढ़ाने और जन-जन तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यशाला के प्रथम सत्र स्त्री रोग विशेषज्ञ में डॉ.लाड़ धाकड़ ने उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का प्रबंधन जांच एवं उपचार डा.प्रियंका जोशी ने ए.एन.सी./पी.एन.सी.देखभाल एवं प्रसव के दौरान देखभाल, एस.एन.सी.यू.प्रभारी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रशांत राठौर ने नवजात शिशुओं की देखभाल एवं उपचार, डॉ.योगेन्द्र धाकड़ ने निमोनिया/डायरिया से बचाव सुरक्षा एवं उपचार, के बारे में प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी।

कार्यशाला में द्वितीय सत्र में डॉ.सतीश चौधरी ने सांप, कुत्ता और जानवर काटने पर जांच उपचार एवं प्रबंधन, डॉ.विनय वर्मा ने विषक्तता जहर के प्रकरणों में प्रबंधन एवं उपचार, डॉ.यशवंत पाटीदार ने सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की देखभाल एवं उपचार प्रबंधन विषय पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ.विधि पटेल ने हेड इंजरी, डॉ.विजय भारती ने मेडिको लीगल पहलुओं के बारे में बताया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद एवं सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटील, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.आदित्य बैराल ने कार्यशाला/कार्यक्रम का मूल्यांकन किया और इसे काफी उपयोगी बताया। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों के प्रश्नों, जिज्ञासाओं का विशेषज्ञों द्वारा समाधान भी किया गया।

प्रारंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। डॉ.दिनेश प्रसाद, डॉ.महेन्द्र पाटील, डॉ.मनीष यादव, डॉ.विजय भारती, आई.एम.ए.के सचिव डॉ.आदित्य भण्डारी, पूर्व आई.एम.ए.अध्यक्ष डॉ.अशोक जैन, डॉ.आर.पी.माहेश्वरी ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यशाला में जिले के सभी शासकीय चिकित्सक, निजी चिकित्सक एवं आई.एम.ए.के पदाधिकारी एवं सदस्यगण स्वास्थ्य विभाग का अमला आदि उपस्थित थे।

# सेंट मार्टिन स्कूल बड़नगर के विद्यार्थियों ने किया नखराली ढाणी इंदौर का शैक्षिक भ्रमण



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** सेंट मार्टिन स्कूल बड़नगर द्वारा 07.02.2026, शनिवार को नखराली ढाणी इंदौर का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण में शैक्षणिक तथा नॉन शैक्षणिक स्टॉफ सहित कुल 146 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

पिकनिक के दौरान, छात्रों ने नखराली ढाणी के राजस्थानी वातावरण में डूबकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने राजस्थानी लोक नृत्य, रास-गरबा, डिस्को डांस, गुड सवारी, ऊंट सवारी, बैल गाड़ी सवारी ,कठपुतली नृत्य जैसे आकर्षक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने आधुनिक वाटर पार्क ,डिस्को डांस क्लब और गेमिंग जोन का भी आनंद लिया।राजस्थानी परंपरा से अवगत होते हुए विद्यार्थियों ने राजस्थानी व्यंजनो जैसे कि दाल बाफले,बाजरे का खिचड़ा,गुलाब जामुन सहित अनेक व्यंजनों का लुफ्त उठाया।

स्कूल की प्राचार्या श्रीमती जेनेट जॉर्ज ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को राजस्थानी संस्कृति से जोड़ना और उन्हें स्थानीय परंपराओं के बारे में जानने का अवसर प्रदान करना था। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य छात्रों को एक अनोखा अनुभव प्रदान करना था।÷इस आयोजन ने छात्रों को एक साथ मिलकर काम करने और नई चीजों का अनुभव करने का मौका दिया। संस्था संस्थापक एंथनी जॉर्ज ने इस सफल आयोजन के लिए विद्यार्थियों एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती किरण सुखवाल ने दी।

# पाकिस्तान जेल से 7 वर्ष बाद रिहा हुआ खैरलांजी का युवक जिला प्रशासन की पहल से घर वापसी संभव




**बालाघाट/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बालाघाट जिले के तहसील मुख्यालय खैरलांजी निवासी युवक प्रसन्नजीत रंगारी को पाकिस्तान की जेल में सात वर्ष तक बंद रहने के बाद रिहा कर दिया गया है। रिहाई के उपरांत उसे वाघा बॉर्डर पर भारतीय अधिकारियों को सौंपा गया, जहां से आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गई।प्रसन्नजीत की रिहाई के बाद उसे अमृतसर से खैरलांजी लाने के लिए परिवार ने बालाघाट जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई थी। परिवार की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा एक विशेष टीम गठित कर प्रसन्नजीत को लाने के लिए अमृतसर रवाना किया गया। यह टीम अमृतसर पहुंच चुकी है और प्रसन्नजीत को लेकर खैरलांजी के लिए रवाना हो गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, प्रसन्नजीत के आज शाम तक खैरलांजी पहुंचने की संभावना है।

# नीमच में कांग्रेस का हल्लाबोल- किसान विरोधी सरकार के खिलाफ फोरजीरो पर जोरदार प्रदर्शन

## मनरेगा को कमजोर करना बर्दाश्त नहीं, किसानों को तत्काल मिले मुआवजा -मीनाक्षी नटराजन



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** किसानों की बिगड़ती हालत, ओलावृष्टि से हुई भारी तबाही और सरकार की कथित उदासीन नीतियों के विरोध में रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी नीमच के नेतृत्व में फोरजीरो के बाहर भारत माता चौराहा पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। नारेबाजी के बीच नेताओं ने सरकार पर किसान विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाया। धरने के पश्चात कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर किसानों के हित में तत्काल निर्णय लेने की मांग की।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सुश्री मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि प्रदेश और देश का किसान आज अभूतपूर्व संकट से गुजर रहा है। प्राकृतिक आपदाओं ने फसलें तबाह कर दी हैं, लेकिन सरकार राहत देने में पूरी तरह असफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि हक कभी किसी की मेहरबानी नहीं होता। यूपीए सरकार ने तय किया था कि हम ऐसा देश नहीं बनाएंगे जो मेहरबानी पर पले। कांग्रेस ने जो भी योजनाएं लागू कीं, वे अधिकार के रूप में थीं, न कि एहसान के तौर पर। सुश्री नटराजन ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को गरीब और मजदूर के सम्मान की गारंटी बताते हुए कहा कि इस योजना ने इंसान के पसीने की कीमत तय की। 365 दिन काम मांगने का अधिकार देकर ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद किसान ने महसूस किया कि उसकी लागत और मजदूरी लगातार बढ़ रही है, लेकिन उसे उसकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा। गरीब और मजदूर को दबाकर किसी एक वर्ग को खुश करना किसी विकसित देश की नीति नहीं हो सकती।

पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा ने कहा कि फसल बीमा योजना किसानों की सुरक्षा के लिए लाई गई थी, लेकिन आज यह बीमा कंपनियों के मुनाफे का साधन बन गई है। जिले के हजारों किसान महीनों से बीमा राशि के लिए भटक रहे हैं। नाहटा ने मांग की कि लंबित बीमा दावों का तत्काल भुगतान किया जाए और किसानों को उनका हक दिलाया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि अफीम किसान हर साल प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान झेलते हैं, लेकिन उन्हें बीमा सुरक्षा से वंचित रखा गया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने कहा कि नीमच जिले में हाल की भीषण ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं, लेकिन सरकार अब तक केवल सर्वे और घोषणाओं में उलझी है। उन्होंने मांग की कि तत्काल निष्पक्ष सर्वे कराकर किसानों को उचित और पर्याप्त मुआवजा दिया जाए एवं अफीम को फसल बीमा योजना में शामिल किया जाए। बाहेती ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को कमजोर करने की साजिश कर रही है, जिससे ग्रामीण रोजगार पर सीधा असर पड़ रहा है।

पूर्व विधायक डॉ. संपत्त स्वरूप जाजू ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण किसान कर्ज के जाल में फंसता जा रहा है। लागत बढ़ रही है, लेकिन समर्थन मूल्य और बाजार व्यवस्था किसानों के पक्ष में नहीं है। डॉ. जाजू ने कहा कि कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किए बिना देश की तरक्की संभव नहीं है।

धरना प्रदर्शन को हीरालाल परमार, प्रदेश सचिव सत्यनारायण पाटीदार,मधु बंसल,मंगेश संघई,आशा सांभर, नाथूसिंह राठौर, हरीश दुआ,मनोरमा मूंदड़ा, ब्रजेश मित्तल, योगेश प्रजापति, प्रभुलाल चंदेल, महेंद्र उपाध्याय, राकेश जावरिया, शंभूचारण, गोविन्द सिंह सांडा,विनोदसिंह चौहान सुरेश धनगर, महेश पाटीदार एडवोकेट, यश लोहार, कृपालसिंह मंडलोई, राजेंद्रसिंह तोमर, मनोहर अम्ब, मोहनसिंह तोमर आदि ने भी संबोधित किया। अंत में धरना प्रदर्शन स्थल पर कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार संजय मालवीय को ज्ञापन सौंपते हुए ओलावृष्टि मुआवजा, मनरेगा को सशक्त करने, लंबित फसल बीमा राशि के शीघ्र भुगतान और अफीम को बीमा दायरे में लाने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों की अनदेखी की गई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर किसानों ने तहसीलदार संजय मालवीय को ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों को भी सौंपा और तत्काल मुआवजा प्रदान करने की मांग करी।कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से डॉ. पृथ्वीसिंह वर्मा, हिदायतुल्ला खान व रणजीतसिंह बबली तंवर ने किया तथा आभार शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र मोनू लोक्स ने माना।

इस मौके पर इस दौरान समंदर पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष अजीत कांठेड, ब्लॉक अध्यक्ष श्याम सोनी, नरेंद्र सिंह राणावत, बलवंत पाटीदार, महेंद्र सिंह सिसोदिया, बाबू सलीम, नारायण दास बाहेती, विनोद दक, मन्नू बाना बांगरेड , अशोक पाटीदार, महेश वीरवार, गजेंद्र यादव, संजय पवार, रमेश राजोरा, आर सागर कछावा, मनीष पोरवाल, राधेश्याम मालवीय, संदीप सोनी, रामप्रसाद कसेरा, राजू गरासिया, जगदीश माहेश्वरी, हारून रशीद, जिनेन्द्र नागोरी, अशोक नागोरी, मनोज जरिया, पंकज एरन, लखन भाटी, लीला बंसल, दीपा तंवर, भारतसिंह अहीर, इकबाल कुरैशी, हुसैन पहलवान, विक्रमसिंह भवरासा, महेश चौधरी, इलियास कुरैशी, जयेंद्र सिंह चुंडावत, पवन रावल, मांगीलाल रेगर, साबिर मसूदी, महेश वर्मा, बालचंद सोलंकी, राजू पठान, भास्कर सोलंकी, गोविंदसिंह चुंडावत, राकेश उपाध्याय, नासिर खान, मेघराज सोनी, चेतना लालका, श्याम लाल टेलर, जितेंद्र नागदा, नाथूलाल मेघवाल, हुक्मीचंद मेघवाल, भेरूलाल नायक, रामप्रसाद नायक, मोहनलाल मीणा, कैलाश रावल, मुकेश धनगर, प्यारचंद अहीरवार, घनश्याम जाट, ओमप्रकाश नागदा, धर्मेंद्रसिंह परिहार, भूरा मुंशी, विनोद बोरीवाल, श्रीराम शिवहरे, गोपाल भाटी, जगदीश राठौर, सीताराम मालवीय, फजल नबी, सरफराज नीलगर, बद्रीलाल खराडिया, लक्ष्मण नागदा, ओमप्रकाश राव, दिनेश पाटीदार, प्रेमचंद धाकड़, विजय पवार, अमरसिंह गुर्जर, अखिलेश झा, मनोहरलाल पाटीदार, शांतिलाल पाटीदार, भारत सिंह हरिपुरा, हामिद मंसूरी, चांदमल भाटी, बंशीलाल खटीक, हरीशचंद पाटीदार, आजाद पठान, विष्णु व्यास, दिनेश गुर्जर, मीना कुरील, नानालाल मीणा, गुलाबचंद जाट, चांदमल मीणा, भेरूलाल मीणा, रतनलाल मीणा, प्रेमचंद मीणा, गणपत भाटी, मिठ्ठूलाल भाटी, सत्यप्रकाश नगर, जगदीश बंजारा, गोपाल गुर्जर, कालूराम रेगर, शम्भुदान चारण, मलकीत सिंह, राधेश्याम दमामी, सलीम खान, राजेंद्र वर्मा, विजय राठौड़, प्रेमसुख पाटीदार, मन्नालाल जाट, प्रकाशचंद्र धनगर, यशवंतराव पंवार, अब्दुल रशीद पठान, जानकीलाल नकुम, आजाद शेख, विष्णुकुमार नागर, राधेश्याम पाटीदार, गोविंद राठौड़, धर्मवीर बांबी, अनीता घनेटवाल, अशोक गुर्जर, माधवलाल मेघवाल, रतनलाल आर्य, फारूक कुरैशी, अकबर पठान, दरबार सिंह रावत, राजमल सुरावत, युगल किशोर टेलर और हर्षवर्धन चौधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## कंचनबाई मेघवाल के दिया जाएं उचित सम्मान-तरुण बाहेती

धरने में मधुमक्खियों से 20 बच्चों की जान बचाने वाली वीरांगना श्रीमती कंचन बाई मेघवाल को उचित सम्मान देने की बात भी कांग्रेसजनों ने पुरजोर तरीके से उठाई। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तरुण बाहेती ने कंचनबाई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर 20 से अधिक मासूम बच्चों को सुरक्षित बचाकर साहस की अनुपम मिसाल पेश की है। कांग्रेस नेताओ ने प्रशासन से मांग करी की सरकार को बिना विलंब किए उनके परिवार को उचित आर्थिक सहायता, उनके पुत्र को सरकारी नौकरी, प्रधानमंत्री आवास प्रदान करना चाहिए। कांग्रेस ने कंचनबाई को मरणोपरांत राजकीय सम्मान या वीरता पुरस्कार देने की भी माँग की है ताकि समाज में उनके इस अदम्य साहस को सदैव याद रखा जा सके।

# सीता अष्टमी को होगा हिंगलाज माता का श्रृंगार व आरती



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** माता सीता अष्टमी ,, सोमवार को हिंगलाज माता मंदिर में मनाई जाएगी, माता की विधि विधान से पूजा एवं श्रृंगार कर महा आरती होगी, इस अवसर पर महिलाएं श्री राम एवं सीता माता के मधुर भजनों से माता की आराधना कर सीता अष्टमी मनाई जाएगी, यह जानकारी पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने दी?

## ग्राम बांद्रा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**छिन्दवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** संचालनालय आयुष, मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ.प्रमिला यावतकर के मार्गदर्शन में गत दिवस आयुष्मान आरोग्य मंदिर हिवरखेड़ी द्वारा ग्राम बांद्रा में निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

# जिला जनगणना समन्वय समिति सदस्यों के दायित्व

**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जनगणना-2027 से सम्बंधित जिन दायित्वों का निर्वाहन जिला जनगणना समन्वय समिति के सदस्यों द्वारा संपादित किया जायेगा

कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी (जिला जनगणना समन्वय समिति अध्यक्ष) जिला अंतर्गत सभी चार्ज अधिकारियों (तहसीलदार, नगरपालिका अधिकारी , इत्यादि) को जनगणना-2027 सम्बंधी सभी कार्यों का समय सीमा में अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु समुचित निर्देश जारी करना एवं समस्त कार्य की सतत् मानिटरिंग करना। जनगणना कार्य हेतु लगाये जाने वाले कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना, जनगणना के मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड ट्रेनर्स एवं फील्ड स्टाफ को नियुक्त एवं ससमय उनका प्रशिक्षण निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आयोजित कर उनका समयावधि में कार्यवाही पूरी कराना शामिल हैं।

जिला जनगणना अधिकारी जिला अंतर्गत जनगणना-2027 का सम्पूर्ण कार्य सफलतापूर्वक एवं ससमय सम्पादित करने में प्रमुख जनगणना अधिकारी को सहयोग प्रदान करना। जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित करना एवं जिला स्तर पर समस्त आगामी कार्यवाही सुनिश्चित करना। अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना, सांख्यिकी अधिकारी जिला अंतर्गत जनगणना-2027 का सम्पूर्ण कार्य सफलतापूर्वक एवं ससमय सम्पादित करने में जिला जनगणना अधिकारी को सहयोग प्रदान करना। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी जिलाध्चार्ज स्तर, पर जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली सीएमएमएस) पोर्ट हाउसलिस्टिंग ब्लॉक किएटर (एचएलबीसी) एवं मोबाइल एप्प इत्यादि का सफल संचालन सुनिश्चित करना एवं जनगणना कार्य से सम्बंधित डिजिटल प्रोद्योगिकी सम्बंधी सहयोग प्रदान करना। जिलाध्चार्ज पर नियुक्त तकनीकी सहायकों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान करना एवं उनके कार्य को सतत् मोनिटरिंग करना।

जिला शिक्षा अधिकारी जनगणना-2027 के दोनों चरणों के फील्ड कार्य के सफल संचालन हेतु आवश्यकता अनुसार शिक्षकों को प्रगणक पर्यवेक्षक के रूप में उपलब्ध करवाना।

परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण जनगणना सम्बंधी कार्यों का समन्वय करना। जिले के समस्त नगरीय निकायों के जिला जनसंपर्क अधिकारी को जनगणना-2027 के दोनों चरणों के प्रचार प्रसार में सहयोग एवं प्रिंट, सोशल मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उचित स्थानध्स्लॉट दिलवाना एवं प्रेस विज्ञप्ति संदेश जारी करने का दायित्व सौंपा गया है।

# सफलता की कहानी परमाल सिंह ने बकरी पालन से बनाया खुद को आत्मनिर्भर



**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पढ़े-लिखे युवाओं के लिये सरकारी नौकरी के साथ-साथ सरकार द्वारा अनेक योजनाओं के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें रोजगार देने के लिये मदद दी जाती है। शासन की योजनाओं का लाभ लेकर अनेक युवाओं ने न केवल अपना रोजगार स्थापित किया, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य किया है।

ग्वालियर जिले के छोटे से गाँव दुरसेंडी के परमाल सिंह ने भी पशुपालन योजना के तहत शासन के सहयोग से स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। परमाल का कहना है कि अगर स्वयं को सक्षम करने की इच्छाशक्ति हो तो सरकार की अनेक योजनायें उसमें सहयोगी का कार्य करती हैं। घाटीगाँव विकासखंड के ग्राम दुरसेंडी के निवासी श्री परमाल सिंह जाटव ने बकरी पालन के लिये पशुपालन विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया। अधिकारियों ने उनका बकरी पालन का ऋण प्रकरण तैयार कर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया घाटीगाँव की ब्रांच से 77 हजार 456 रुपए का ऋण स्वीकृत कराया। जिसमें 60 प्रतिशत अनुदान सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है।

# आबकारी विभाग की विशेष कार्रवाई में 55.5 बल्क लीटर अवैध विदेशी मदिरा जप्त




**धार/दैनिक मालवा हेराल्ड।** धार जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आबकारी वृत्त गंधवानी में प्रभावी कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) एवं 34(2) के तहत एक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। यह कार्यवाही कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के आदेशानुसार, सहायक आबकारी आयुक्त जिला धार श्री राजनारायण सोनी के मार्गदर्शन में तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुश्री राजकुमारी मंडलोई के नेतृत्व में की गई। शनिवार को आबकारी उप निरीक्षक सुश्री एकता सोनकर द्वारा वृत्त गंधवानी अंतर्गत ग्राम मीणा खेड़ी में एक खेत से लगे मकान की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कुल 06 गत्ते की पेटियों में 55.5 बल्क लीटर अवैध विदेशी मदिरा बरामद की गई। जिसमें 02 पेटी ड्ड Lemount केन बियर (500 एमएल क्षमता) के 48 केन, 03 पेटी ड्ड लंदन प्राइड व्हिस्की (180 एमएल क्षमता) के 131 पाव एवं 01 पेटी - मैकडॉवेल्स नंबर-1 रम (180 एमएल क्षमता) के 44 पाव शामिल हैं। बउक्त अवैध मदिरा को जप्त कर आबकारी विभाग द्वारा कब्जे में लिया गया। मौके से आरोपी फरार हो गया, जिसके विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) एवं 34(2) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। जप्त की गई मदिरा का अनुमानित मूल्य 35,950/- आंका गया है। इस कार्यवाही में आबकारी आरक्षक बलवीर सिंह राठौड़, जोत सिंह मावी एवं अमित खन्ना का विशेष सहयोग रहा।

# सीएचसी नटेरन में सीएमएचओ ने की स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा, फील्ड स्टाफ को दिए सुधार के निर्देश




**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नटेरन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामहित कुमार द्वारा गत दिवस स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अघतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई है।

बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) एवं ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम) उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान सीएमएचओ ने सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, एमपीएस तथा एएनएम स्टाफ के कार्यों का बिंदुवार मूल्यांकन किया। उन्होंने यू-विन पोर्टल पर रियल टाइम एंट्री, एचआरपीडब्ल्यू (हाई रिस्क प्रेग्नेंट वुमन) की पहचान, एएनसी पंजीकरण, अनुमानित प्रसव तिथि की सही दर्जीकरण तथा 4 एएनसी चेकअप की शत-प्रतिशत पूर्ति पर विशेष जोर दिया।

सीएमएचओ ने कहा कि गर्भवती माताओं एवं शिशुओं के स्वास्थ्य की निगरानी में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में चिन्हित गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण सुनिश्चित करें तथा निर्धारित जांचें पूर्ण कराएं।

आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड निर्माण और उपचार लाभ की स्थिति पर चर्चा करते हुए सीएमएचओ ने लक्ष्य पूर्ति में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में एचबीएनसी (होम बेस्ड न्यूबॉर्न केयर) अंतर्गत सात फरवरी 2026 की प्रगति रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई। नवजात शिशुओं के घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और फॉलोअप में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

सीएमएचओ ने उपस्थित स्टाफ को निर्देशित किया कि सभी डेटा की एंट्री समय पर और सही तरीके से पोर्टल पर दर्ज की जाए, जिससे शासन स्तर पर योजनाओं की वास्तविक प्रगति प्रदर्शित हो सके। अंत में बीएमओ और बीपीएम को मॉनिटरिंग व्यवस्था सुदृढ़ करने, फील्ड विजिट बढ़ाने तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

## जिला अस्पताल के सामने अब हर रविवार को लगेगा जैविक, प्राकृतिक हाट बाजार

**कटनी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला चिकित्सालय के सामने स्थित नगर निगम सब्जी मार्केट में अब हर रविवार को जैविक ,प्राकृतिक हाट बाजार लगेगा। यहां पहले प्रत्येक मंगलवार को जैविक व प्राकृतिक सब्जियों और उत्पादों का बाजार लगता था। कटनी वासियों की सुविधा के मद्देनजर यह हाट-बाजार अब शासकीय अवकाश दिवस हर रविवार के दिन प्रातः 9 बजे से लगेगा। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी की किसान हितैषी पहल पर शुरू हुये इस जैविक प्राकृतिक सब्जियों के हाट-बाजार के प्रति लोगों का बेहतर प्रतिसाद मिला। जैविक और प्राकृतिक खेती उत्पादन करने वाले किसानों की ताज़ी, हरी सब्जियां हाथों-हाथ बिकने लगीं, और इसका लाभ जिले के किसानों को यह हुआ कि उनके उत्पादों के लिए उन्हें मार्केट मिल गया।इसके साथ ही नागरिकों को हाट-बाजार से रसायनिक-मुक्त, स्वस्थ और पौष्टिक सब्जियां व अन्य उत्पाद बड़ी सहजता से मिलने लग गये। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले में प्राकृतिक खेती और जैविक खेती कर रहे किसानों को जैविक उत्पादों की बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह हाट-बाजार शुरू कराया था।

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास अरूणिमा सेन अयंगर ने बताया कि जैविक ,प्राकृतिक खेती से उत्पादित, रसायन मुक्त एवं शुद्ध उत्पाद मौसमी सब्जियां जैसे-लौकी, सेम, गोभी, टमाटर, पालक, मेथी, मूली, गाजर, पत्ता गोभी फल, जैविक दालें, जैविक चावल एवं श्री अन्न (कोदो, कुटकी, रागी, चियासीड) इत्यादि हाट बाजार में उपलब्ध रहेगें।

# बीएलओ ने घर-घर पहुंचकर की नोटिसों की तामील



**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में विषेश गहन पुनरीक्षण कार्य के तहत नो मैपिंग और लॉजिकल एरर वाले 3,33,168 मतदाताओं के प्रकरणों के निराकरण के लिए नोटिस जारी कर उनके घरों पर पहुंचकर बीएलओ आवश्यक दस्तावेज एकत्रित कर रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान के निर्देश पर जिले की सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अन्तर्गत नो-मैपिंग और लॉजिकल एरर वाले मतदाताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई द्वारा किया जा रहा है। रविवार को समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ ने क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओं को उनके नोटिस तामील कराए। साथ ही मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज उनसे मौके पर प्राप्त किए। आयोग के निर्देशानुसार इन मतदाताओं की सुनवाई का कार्य 14 फरवरी तक पूर्ण किया जाकर फोटो युक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा।

## जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**दतिया/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों (एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर एवं आदर्श आवासीय विद्यालय) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम 10 फरवरी 2026 तक रहेगी। प्रवेश परीक्षा 22 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिला/विकासखण्ड मुख्यालय के निर्धारित विद्यालयों में आयोजित की जाएगी। प्रवेश-पत्र 15 फरवरी 2026 से डाउनलोड किए जा सकेंगे। देश भर में संचालित इन विद्यालयों में कुल 8405 सीटों पर प्रवेश किया जाएगा, जिनमें एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में बालकों के लिये 1775 एवं बालिकाओं के लिये 1800 सीट, माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर बालिकाओं के लिये 4550 सीट एवं आदर्श आवासीय विद्यालय केवल बालकों के लिये 280 सीट हैं। इन आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु परीक्षा आयोजित की जा रही है। सीटों की संख्या में आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभव है। कक्षा 5वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति, विमुक्त एवं घुमक्कड़ जनजाति, अनाथ, विधवा अथवा दिव्यांग अभिभावक की संतान सहित पात्र विद्यार्थी निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन एवं विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://www.mpsos.nic.in स्टूडेंट कॉर्नर में उपलब्ध है। भविष्य में विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु विद्यार्थियों द्वारा https://www.tribal.mp.gov.in हितग्राही प्रोफाइल में पंजीकरण किया जा सकता है।

# धार तरण पुष्कर का सांकेतिक तैराकी प्रतिस्पर्धा के साथ शुभारंभ




**धार/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में खेल अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत धार तरण पुष्कर का शुभारंभ रविवार को उदय रंजन क्लब परिसर में सांकेतिक तैराकी प्रतिस्पर्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती नीना वर्मा, कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। विधायक श्रीमती नीना वर्मा ने तरण पुष्कर की गुणवत्ता, साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि जिले में खेल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में कई महत्वपूर्ण ड्रीम प्रोजेक्ट्स पर कार्य प्रगतिशील है, जिससे आने वाले समय में जिले को व्यापक लाभ मिलेगा। कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने तरण पुष्कर परिसर का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा एवं गुणवत्ता से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्विमिंग पूल से प्राप्त होने वाली आय का उपयोग ऐसे बच्चों को तैराकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में किया जाएगा, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, किंतु खेल सीखने की इच्छा रखते हैं। इस पहल से जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि धार जिले में खेलों की अपार संभावनाएं हैं। पूर्व में जिले के खिलाड़ियों द्वारा बैडमिंटन सहित अन्य खेलों में सराहनीय प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तरण पुष्कर जैसी आधुनिक खेल सुविधाओं से भविष्य में जिले से राज्य, राष्ट्रीय एवं आगे चलकर ओलंपिक स्तर तक के खिलाड़ी तैयार हो सकते हैं, जो जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी ने आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की खेल गतिविधियां बच्चों एवं युवाओं में अनुशासन, स्वास्थ्य एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देती हैं। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# हथनी बैराज परियोजना से बढ़ेगा जल संरक्षण और सिंचाई रकबाः मंत्री नागर सिंह चौहान



**आलीराजपुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में हथनी बैराज परियोजना महत्वपूर्ण साबित होगी। इससे क्षेत्र में जल संग्रहण बढ़ेगा और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। साथ ही सड़क मार्ग से आवागमन के साथ विकास की रफ्तार भी बढ़ेगी।अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने शनिवार को आलीराजपुर जिले के ग्राम मोरासा में हथनी बैराज परियोजना.02 एवं छकतला के ग्राम जामली में कटवाड से जामली सड़क निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस प्रकार के बैराज बनने से आसपास के क्षेत्रों के कुएं, तालाब और बोरिंग में जलस्तर बेहतर होगा। इससे सिंचाई का रकबा बढ़ेगा और किसान वर्षा पर निर्भर नहीं रहेंगे। फाटा परियोजना का उदाहरण देते हुए कहा कि अब पर्याप्त सिंचाई व्यवस्था होने से किसान ग्रीष्म ऋतु में भी फसल ले पा रहे हैं, जबकि पहले केवल बरसात के पानी पर निर्भर रहना पड़ता था। सरकार के प्रयासों से गांवों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है और पूरे प्रदेश में सिंचाई क्षेत्र का रकबा बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

मंत्री श्री चौहान ने कहा कि अब महिला सशक्त हो रही है।आजीविका मिशन के तहत महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर कार्य कर रही हैं और ÷लखपति दीदी÷ बन रही हैं। किसानों को भी किसान सम्मान निधि डीबीटी के माध्यम से सीधे खातों में दी जा रही है। साथ ही पीडीएस के जरिए गरीबों को अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

उन्होंने युवाओं से अच्छी शिक्षा ग्रहण कर रोजगार पाने की अपील की और जो पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें खेती के साथ-साथ वैकल्पिक व्यवसाय अपनाने की सलाह दी। मोबाइल रिपेयरिंग, मोटर मैकेनिक, वेल्डिंग, कियोस्क संचालन, कंप्यूटर प्रशिक्षण जैसे छोटे व्यवसायों के माध्यम से जिले में ही रोजगार के अवसर सृजित करने को कहा। साथ ही किसानों से खेती के साथ पशुपालन और बकरी पालन जैसे कार्य कर आय बढ़ाने की अपील की।

मंत्री श्री चौहान ने शनिवार को आलीराजपुर के ग्राम मोरासा में हथनी बैराज परियोजना 02 के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति लागत 471.03 लाख रुपए है। इस परियोजना से मोरासा के 324 हेक्टर का क्षेत्र सिंचित होगा जिससे आस पास के क्षेत्र लाभान्वित होगे। साथ ही छकतला के ग्राम जामली में कटवाड से जामली सड़क मार्ग का भूमि पूजन किया जिसकी लंबाई 4.90 किमी है एवं अनुमानित लागत 691.76 लाख रुपए है।

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि, ग्राम सरपंच, पटेल, जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कुबरैश्वर धाम पर दस फरवरी से सोलह फरवरी तक भागवत कथा का होगा भव्य आयोजन



**आलोट/ राकेश चौहान/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आलोट नगर स्थित श्री कुबरेश्वर धाम महादेव मंदिर समिति आलोट द्वारा प्रति वर्ष अनूसार इस वर्ष भी दिनांक 10फरवरी से 16फरवरी तक वाराणसी से श्री राम परिवार उपाध्यक्ष संत श्री साध्वी अर्पणा जी मेनारिया द्वारा वाचन किया जावेगा प्रतिदिन 12बजै से 3बजै तक श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कराई जावेगी समिति द्वारा श्री मद भागवत कथा में तूलसी विवाह भी किया जावैगा जिसमें गरिब कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम की तेयारिया जोरों पर कर दि हे 10फरवरी को सुबह? 10बजे पोथी यात्रा श्री कुबरेश्वर धाम महादेव मंदिर से निकाली जायेगी जिसमें स्टिल के कलश समिति द्वारा दिए जाने पर सहमति बनी इस आयोजन 25जनवरी तक विवाह सम्मेलन है तू वर वधूपक्ष अपना पंजीकरण करा सकेंगे 15फरवरी को आलोट नगर में सांवरिया सेठ की बारात नगर भ्रमण कराया जावेगा जिसको लेकर नगर? मे बड़ा खूशी का? माहोल ओर भक्तों में बड़ा उत्साह देखने को मिल रहा है वहीं 16फरवरी को सामूहिक भण्डारा रहेगा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी से अनुरोध घर घर जाकर डोर टू डोर सम्पर्क नगर में जनसमपर्क किया जावेगा व आलोट शहर को दूल्हन की? तरह? सजाया जायेगा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की हे वहीं आयोजन को भव्य रूप से किया जावेगा इसके लिए समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम के विषय पर बेठक कर निर्णय लिया गया है यह जानकारी समिति द्वारा दिए गए हैं आयोजन की सम्पूर्ण तैयारियां शुरू कर दी गई है।

# समय रहते बाल विवाह रोका गया, संयुक्त दल की त्वरित कार्यवाही



**धार/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला धार के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री सुभाष जैन के मार्गदर्शन में जिले से गठित संयुक्त दल द्वारा ग्राम खुटकला, तहसील सरदारपुर, जिला धार में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही की गई। प्राप्त शिकायत के आधार पर बाल संरक्षण अधिकारी श्री कारण भंवर, संबंधित सुपरवाइजर श्रीमती निर्मला भाटी एवं ग्राम खुटकला की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा 08 फरवरी 2026 को मौके पर पहुंचकर जांच की गई तथा मौका पंचनामा तैयार किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित बालिकाओं की आयु विधि द्वारा निर्धारित न्यूनतम विवाह योग्य आयु से कम है। मौके पर उपस्थित परिवारजनों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराते हुए बताया गया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है, जिसके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं कानूनी दुष्परिणाम होते हैं। संयुक्त दल, ग्राम सचिव श्री मुकेश कुमावत एवं सरपंच द्वारा समझाइश दिए जाने पर परिवारजनों ने बाल विवाह नहीं करने पर सहमति दी, जिससे समय रहते बाल विवाह को रोका जा सका। इसी क्रम में समाज द्वारा आयोजित किए जा रहे सामूहिक विवाह सम्मेलन के संबंध में सम्मेलन समिति के पदाधिकारियों को भी स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की किसी भी बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के किसी भी बालक का विवाह सामूहिक विवाह सम्मेलन में किसी भी स्थिति में संपन्न न कराया जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आम नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं विवाह समितियों से अपील की गई है कि वे बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने में प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध बाल विवाह की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दें।

# विद्यार्थियों को दिया गया श्री अन्न मोटे अनाज के अंतर्गत बाजरा के उत्पादन एवं उपयोग का तकनीकी प्रशिक्षण



**कटनी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में विद्यार्थियों को जैविक कृषि का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. व्ही के द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को श्री अन्न मोटे अनाज के अंतर्गत ज्वार, बाजरा, मक्का तथा लघु धान्य फसल के अंतर्गत कोदो, कुटकी, रागी, कंगनी आदि की जानकारी दी गई। बताया गया कि कम पानी तथा कम खर्चे पर यह फसल उगाई जा सकती है। पानी की कमी होने पर ये फसलें खराब नहीं होती तथा ज्यादा बारिश होने पर भी इसे नुकसान नहीं होता। मोटे अनाज की फसल खराब होने की स्थिति में पशुओं के चारे के काम में आती है। इसलिए इनको धान की पराली की तरह जलाना नहीं पड़ता और पर्यावरण प्रदूषण से भी बचा जा सकता है। इनमें कीटों से लड़ने की रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है। मोटे अनाज में खाद एवं कीटनाशकों का प्रयोग कम होता है। मोटे अनाज में पोषक तत्व अधिक मात्रा में होते हैं। मोटे अनाज का उपयोग शुगर, थायराइड, किडनी, लीवर, लिपिड रोग आदि में लाभदायक है।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# आगर रोड से रणकेश्वर धाम तक होगा सड़क का चौड़ीकरण

## 189 भवनों पर जेसीबी चलाने की तैयारी में नगर निगम, 7 दिन अवधि के नोटिस दिए

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगर रोड गाड़ी अड्डा चौराहे से ढांचा भवन होते हुए रणकेश्वर महादेव मंदिर तक प्रस्तावित एमआर-4 मार्ग चौड़ीकरण अब कागजों से निकलकर जमीन पर उतर आया है। निगम ने जहां मार्किंग शुरू कर दी है, वहीं सड़क के दोनों ओर बसे रहवासी और व्यापारी खुलकर विरोध में खड़े हो गए हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि एक तरफ सिंहस्थ-2028 की तैयारी का दबाव है, तो दूसरी ओर वर्षों की कमाई से बने घर-दुकान बचाने की जद्दोजहद।




निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर अधिकारियों की टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण कर काम में तेजी लाने के संकेत दिए। इसी बीच जैसे ही मार्किंग हुई, स्थानीय रहवासी सामने आ गए और विरोध जताने लगे।

हम विकास केनहीं, विनाश के खिलाफ - विगत दिवस प्रभावित परिवारों और व्यापारियों ने एकजुट होकर नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव से मुलाकात की। रहवासियों ने दो टूक कहा कि वे विकास के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन 24 मीटर चौड़ी सड़क के नाम पर जिस स्तर की तोडफ़ोड़ प्रस्तावित है, वह उन्हें पूरी तरह उजाड़ देगी। क्षेत्र के लोगों ने अपने घरों और दुकानों पर काले फ्लैक्स लगा दिए हैं। फ्लैक्स पर लिखा है कि हम विकास के नहीं, विनाश के खिलाफ हैं और 24 नहीं, 15 मीटर सड़क मंजूर है।

लोगों का तर्क है कि 15 मीटर की चौड़ाई यातायात के लिए पर्याप्त है। 24 मीटर करने से सैकड़ों परिवारों की जिंदगी मलबे में बदल जाएगी।

189 भवन स्वामियों पर संकट, 7 दिन में हटाओ निर्माण - निगम द्वारा जारी नोटिस ने प्रभावितों की चिंता और बढ़ा दी है। शनिवार को 189 भवन स्वामियों को नोटिस थमाए गए, जिनमें 7 दिन के भीतर स्वयं निर्माण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया है।

सर्वे रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश भवनों का 3 से 7 मीटर तक का हिस्सा तोडऩे के लिए चिह्नित किया गया है। नोटिस में साफ किया गया है कि नकद मुआवजा नहीं मिलेगा, बल्कि भूमि विकास नियम-2012 के तहत अतिरिक्त एफएआर का लाभ दिया जाएगा।रहवासियों का कहना है कि एफएआर कागजों में भले राहत हो, लेकिन जमीनी हकीकत में वह नुकसान की भरपाई नहीं कर सकता।

विरोध और समय सीमा में उलझे अधिकारी- एक ओर जनता विरोध कर रही है, तो दूसरी ओर प्रशासन समय सीमा को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाए हुए है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने साफ कर दिया है कि सिंहस्थ-2028 जैसे विशाल आयोजन को देखते हुए मार्ग चौड़ीकरण में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रस्तावित एमआर-4 मार्ग के साथ-साथ फ्रीगंज के दो तालाब से टैगोर चौराहा, नीलगंगा से मंछामन हरिफाटक ब्रिज और नीलगंगा से गेल इंडिया तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। मौके पर इंजीनियरों से प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए।

### एमआर-4 मार्ग परियोजना एक नजर में

मार्ग की कुल लंबाई- 2135 मीटर
प्रस्तावित चौड़ाई- 24 मीटर
स्थानीय मांग- 15 मीटर
प्रभावित भवन- 189
परियोजना लागत- 38.38 करोड़ रुपये
कार्य पूर्णता अवधि- मई 2027
अंतिम समय सीमा- फरवरी 2028 (सिंहस्थ से पहले)

# निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान अंतर्गत 14 स्थानों पर शिविर संपन्न



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पूर्णिमा श्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से आयोजित निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान के अंतर्गत 14 स्थानों पर शिविर संपन्न हुए। रविवार को पिपलीनाका स्थित मारवाड़ी माली समाज धर्मशाला एवं रविशंकर नगर स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक में शिविर आयोजित किये गये। इसी श्रृंखला में आज सोमवार को महिद्पुर तहसील के ग्राम झुठावद एवं उज्जैन शहर के दानीगेट स्थित अनंतपेठ में शिविर आयोजित होंगे।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं पूर्व भाजपा जिला महामंत्री सत्यनारायण खोईवाल ने विस्तार से बताया कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उपलब्धियों भरे ऐतिहासिक दो वर्षों के उपलक्ष्य में निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान 'दिल से कहो अपने मोहनजी है न' संपूर्ण उज्जैन जिले में संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को पीपलीनाका स्थित उर्दूपुरा में मारवाड़ी माली समाज धर्मशाला में चोईथराम हॉस्पिटल,इंदौर के सहयोग से शिविर आयोजित किया गया। एवं शहर के वार्ड क्रमांक 29 स्थित रविशंकर नगर में संजीवनी क्लिनिक पर अमलतास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देवास के सहयोग से शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दोनों ही अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा जांच, परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। शिविरों में जनता जनार्दन ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अभियान के अंतर्गत रविवार को शिविर में राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, पूर्व महापौर मीना विजय जोनवाल, फार्मेसी कौंसिल पूर्व अध्यक्ष ओम जैन, पार्षद गब्बर भाटी, हेमंत गेहलोत भूरू, पार्षद रामेश्वर दुबे रम्मू भैया सहित मारवाड़ी माली समाज के पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए।

# छात्र को घर से बुलवाकर तीन युवकों ने मारे चाकू



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 11 वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र का बेगमपुरा में बाइक निकालने पर एक युवक से विवाद हो गया। युवक ने छात्र को उसके दोस्त के माध्यम से बुलवाया और साथियों के साथ मिलकर चाकू मार दिए। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। गरीब नवाज कॉलोनी का रहने वाला नाजीम पिता वसीम 16 वर्ष कक्षा 11वीं का छात्र है। बीती शाम वह बाइक से बेगमपुरा गया था। जहां उसे शोएब नामक युवक ने रोका और क्षेत्र में दोबारा नहीं आने की बात पर गाली गलौच की। दोनों के बीच कहासुनी हुई लेकिन मामला शांत हो गया। देर शाम शोएब ने अप्पा नामक युवक के माध्यम से नाजिम को मिलने के लिए वापस बुलाया। नाजिम पहुंचा तो उसे शोएब ने अनवर और शादाब के साथ मिलकर घेर लिया और चाकू से हमला किया। नाजिम घायल हो गया। जिसे लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर चाकू मारने वाले तीनों युवकों की तलाश शुरू की है।

# कैमरो की मदद से पकड़ाया हिट एंड रन का आरोपी



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 5 दिन पहले जीरो पॉइंट ब्रिज पर स्कूटी सवार युवक की मौत और साथी के घायल होने पर टक्कर मारने वाले इनोवा कार चालक को 500 कैमरो के फुटेज देखने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला हिट एंड रन का था।

देवास गेट थाना पुलिस ने बताया कि 3 फरवरी की रात जीरो पॉइंट ब्रिज पर एक इनोवा कार क्रमांक एमपी 13 बीए 1990 के चालक द्वारा तेजगति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक्सेस स्कूटी को टक्कर मार दी गई। दुर्घटना में स्कूटी सवार सूरज अग्निहोत्री 23 वर्ष की मौके पर मृत्यु हो गई, जबकि अंकित उर्फ कान्हा 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हुआ। मामले में हिट एंड रन का प्रकरण दर्ज कर मौके से भागे। कार चालक की तलाश में सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखने शुरू किए गए। 500 कैमरे देखने के बाद चालक का सुराग मिल गया। पुलिस की टीम नानाखेड़ा पहुंची और इनोवा के साथ चालक हर्षवर्धन सिंह उर्फ नानु उर्फ जय पिता संग्रामसिंह सोलंकी उम्र 22 वर्ष निवासी जाट मोहल्ला कमलापुर थाना कमलापुर जिला देवास हाल निवासी महाशक्ति नगर नानाखेड़ा उज्जैन को गिरफ्तार कर लिया।

# 42 वर्ग किलो मीटर वन क्षेत्र की जिम्मेदारी भगवान भरोसे

## ऐसे कैसे होगी वनों की रक्षा... 12 में से 8 वन रक्षक नहीं करना जंगलों में ड्यूटी चाहते

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासन और हाईकोर्ट ने भले ही वनों की सुरक्षा के लिए कड़े दिशा निर्देश जारी किए हो, लेकिन उज्जैन में ऐसी कोई सख्ती दिखाई नहीं दे रही हैं। आलम यह है कि उज्जैन वन विभाग में पदस्थ 12 में से 8 वन रक्षक फील्ड में नहीं जाना चाहते हैं। ऐसे में वन क्षेत्र की रखवाली विभाग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं हैं।

उल्लेखनीय है कि उज्जैन में 42 वर्ग किलो मीटर का वन क्षेत्र हैं। इसकी सुरक्षा के लिए शासन ने यहां 14 वन रक्षक के पद निर्धारित किए हैं। जिनका मूल काम केवल वन क्षेत्र की निगरानी करना और वनों की अवैध कटाई को रोकना हैं। बावजूद उज्जैन में पदस्थ 12 में से 8 वन रक्षक केवल लिखा पढ़ी का काम देख रहे हैं। वे जंगलों में ड्यूटी करने नहीं जाना चाहते हैं। ऐसे में 4 वन रक्षकों के जिम्मे 42 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र की जिम्मेदारी है। केवल 4 वन रक्षक के लिए इतने

बड़े क्षेत्र की देखरेख व निगरानी करना संभव नहीं है। इसके अलावा अभी जो वनरक्षक है वो सभी उम्र दराज है। यह स्थिति पिछले कई सालों से बनी हुई हैं। कतिपय यहाँ पदस्थ आला अधिकारी भी इसमें सुधार नहीं करवा पा रहे हैं।

सुरक्षा के संसाधनों का भी अभाव- वन विभाग ने वनों की सुरक्षा के लिए जो संसाधन लगा रखे है उनसे इनकी सुरक्षा महज औपचारिक है। वन विभाग के पास उपलब्ध संसाधन के आधार पर वनों की कटाई रोकी नहीं जा सकती। पुलिस से मदद मांगने पर भी वह भी वन अधिनियम का मामला बता कर पल्ला झाड़ लेती है। ऐसे में वन रक्षक खुद को असहज महसूस करते है। वनों से लकड़ी काटकर ले जाने वालों को रोकने के लिए विभाग के पास शस्त्र तक नहीं हैं।

# 14 फरवरी के बाद टंकी चौक- दानी गेट सड़क चौड़ीकरण शुरू

## सवारी मार्ग होने से प्राथमिकता, 62 दुकानदारों को थमाए नोटिस

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के सबसे व्यस्त और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मार्ग टंकी चौक से दानी गेट तक सड़क चौड़ीकरण का काम 14 फरवरी के बाद शुरू करने की तैयारी है। यह मार्ग भगवान महाकाल की सवारी का हिस्सा होने के कारण प्रशासन ने इसे प्राथमिकता सूची में रखा है। इसी के चलते यहां पहले चरण में कार्रवाई की जाएगी।



नगर निगम की ओर से चौड़ीकरण को लेकर 7 दिन की अवधि के नोटिस संबंधित भूमि स्वामियों और दुकानदारों को वितरित कर दिए गए हैं। टंकी चौक से ढाबा रोड तक कुल 62 नोटिस दिए जा चुके हैं। इस पूरे मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किया जाना प्रस्तावित है। खास बात यह है कि यह इलाका न केवल शहर का व्यस्ततम बाजार क्षेत्र है, बल्कि महाकालेश्वर मंदिर की साप्ताहिक सवारी का प्रमुख मार्ग भी है।

सत्यनारायण मंदिर से टंकी चौक तक हर सोमवार को भगवान महाकाल की सवारी निकलती है, जो साल में करीब चार महीने तक नियमित रूप से होती है। ऐसे में प्रशासन की कोशिश है कि सवारी के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था न हो।

प्रशासन का कहना है कि यदि अभी काम शुरू किया गया तो सवारी व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इसी कारण 14 फरवरी के बाद ही चौड़ीकरण की कार्रवाई शुरू करने का निर्णय लिया गया है। हालांकि, ज़मीनी हालात को देखते हुए इतनी जल्दी काम शुरू हो पाना आसान नहीं माना जा रहा।

सावन में सवारी का रूट छोटा करने की तैयारी - चौड़ीकरण का काम पूरा होने में 8 से 10 महीने लगने का अनुमान है। ऐसे में आगामी सावन मास के दौरान प्रशासन को कोरोना काल की तरह सवारी का रूट छोटा करना पड़ सकता है। तभी निर्माण कार्य बिना बड़े व्यवधान के आगे बढ़ पाएगा।

# दिन में गर्मी, रात को सर्दी, अब शुरू होगा ठंड की रवानगी का दौर

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के मौसम में रोज उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं। कल दिन में मौसम खुला रहने के कारण तेज धूप निकली, इससे तापमान में बढ़त दर्ज की गई। रात का पारा लगातार दूसरे दिन भी 13 डिग्री पर बना रहा।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आज और कल ठंड का प्रभाव रहेगा। सोमवार से रात का तापमान भी बढ़ना शुरू होगा और ठंड का असर कम होता जाएगा। दिन का अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री रहा, जो सामान्य लेकिन परसों की अपेक्षा 2 डिग्री ज्यादा था।

वहीं रात का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1 डिग्री कम था। इस दौरान हवाओं की दिशा उत्तरी रही। हवाओं की अधिकतम रफ्तार 13 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंची। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अब ठंड की रवानगी शुरू हो चुकी है। दिन के तापमान में अब कमी नहीं सिर्फ बढ़त देखने को मिलेगी। वहीं सोमवार से रात का तापमान भी लगातार बढ़ता जाएगा। इसके साथ ही अगले कुछ दिनों में गर्मी की शुरुआत हो जाएगी।

# मां कमरे में पहुंची तो फंदे पर लटका मिला पुत्र

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बीती रात घर लौटा युवक खाना खाने के लिए उपर कमरे में गया। काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो मां देखने पहुंची। युवक साड़ी के फंदे पर लटका हुआ था। रात उसे अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि शिव में मंदिर के पास रहने वाले गगन पिता हेमराज जूनवाल 33 साल को परिजन देर रात चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। गगन ने फांसी लगाई थी। मामले की सूचना अस्पताल की ओर से पुलिस को दी गई। गई। रविवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया। ।। इस दौरान परिजनों न ने बताया कि गगन मिस्त्री का काम करता था और रात में घर लौटा था खाना खाने के लिए ऊपर कमरे में गया। जब वापस नहीं लौटा तो मां सुमित्रा बाई उसे देखने पहुंची। गगन साड़ी के फंदे पर लटका हुआ था। उसने फांसी लगाकर आत्महत्या क्यों की इसकी वजह सामने नहीं आई है।

पश्चिम बंगाल के मजदूर की मौत- मोहनपुरा के समीप ब्रिज निर्माण का काम चल रहा है जहां पश्चिम बंगाल का रहने वाला राधानाथ पिता विस्सू हंसदा 35 वर्ष मजदूरी के लिए आया था। निर्माण स्थल पर वायब्रेट मशीन चलाते समय अचानक बेसुध हो गया। उसे अस्पताल लाया गया जहां सामने आया कि उसकी मौत हो चुकी है। डॉक्टरों ने हार्टअटैक की आशंका जताते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक मजदूर का शव पश्चिम बंगाल ले जाया गया है।

# उज्जैन में अवैध दवा कारोबारियों पर ड्रग विभाग मेहरबान

## 1800 से ज्यादा मेडिकल, जांच 100 भी नहीं, ड्रग विभाग की सुस्ती से जनता की सेहत खतरे में

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत चौंकाने वाली है। उज्जैन में बिना मान्यता, बिना फार्मासिस्ट और नियमों को ताक पर रखकर सैकड़ों मेडिकल स्टोर्स खुलेआम दवाइयां बेच रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि ड्रग विभाग की निगरानी सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह गई है, जबकि आम नागरिकों की जान से सीधा खिलवाड़ हो रहा है।



जिले में वर्तमान में 1800 से अधिक मेडिकल स्टोर्स संचालित हैं, लेकिन इनमें से आधे से ज्यादा ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट का पालन नहीं कर रहे। इसके बावजूद विभागीय कार्रवाई न के बराबर है। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 100 मेडिकल स्टोर्स की भी गंभीर जांच नहीं हो सकी, जबकि हर गली-मोहल्ले में अवैध मेडिकल धड़ल्ले से चल रहे हैं।

सबसे गंभीर बात यह सामने आई है कि कई मेडिकल स्टोर्स दूसरे व्यक्तियों के लाइसेंस की फोटोकॉपी किराए पर लेकर संचालित किए जा रहे हैं। नियमानुसार मेडिकल स्टोर पर पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य है, लेकिन हकीकत में फार्मासिस्ट का नाम तो बोर्ड पर है, जबकि दुकान कोई और चला रहा है।

डिग्री का दुरुपयोग, नियमों की धज्जियां- पड़ताल में यह भी उजागर हुआ है कि शहर में कई ऐसे एमआर (मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव) हैं, जो दवा कंपनियों में नौकरी के साथ-साथ बी-फार्मा और एम-फार्मा की डिग्री के नाम पर मेडिकल स्टोर भी चला रहे हैं। यह सीधा-सीधा नियमों का उल्लंघन है, लेकिन ड्रग विभाग आंख मूंदे बैठा है।

मृत लाइसेंसधारी के नाम से मेडिकल!

जांच में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि शहर में कुछ मेडिकल स्टोर्स ऐसे लोगों के नाम से चल रहे हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है। इन दुकानों का लाइसेंस न तो निरस्त किया गया और न ही किसी नए नाम से पंजीकरण हुआ, फिर भी ये मेडिकल खुलेआम दवाइयां बेच रहे हैं। यह सब संभव हो पा रहा है केवल विभागीय लापरवाही और मिलीभगत के कारण।

नोटिस देकर बच निकलता विभाग- हर साल की तरह इस साल भी ड्रग विभाग का जांच अभियान सिर्फ औपचारिकता तक सीमित रहा। फर्जी मेडिकलों पर सख्त कार्रवाई करने के बजाय विभाग ने अधिकांश मामलों में केवल नोटिस जारी कर फाइल बंद कर दी। नतीजा यह है कि अवैध मेडिकल संचालकों के हौसले बुलंद हैं और नियमों का डर पूरी तरह खत्म हो चुका है।

### एक नजर में हालात

जिले में संचालित मेडिकल स्टोर्स = 1800+
ड्रग नियमों का पालन न करने वाले मेडिकल = 50त्न से अधिक
चालू वित्तीय वर्ष में जांच = 100 से भी कम
फोटोकॉपी लाइसेंस पर चल रहे मेडिकल = कई दर्जन
मृत लाइसेंसधारी के नाम से मेडिकल = पुष्टि हुई

# स्कूटर सवार 3 बदमाशों ने तोड़े दो मकान के ताले

## रात ढाई बजे बाद हुई वारदात, सामने आए फुटेज

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नानाखेड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार रविवार रात दो कॉलोनी में स्कूटर सवार बदमाशों ने दस्तक दी और दो मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह वारदात का पता चलने पर पुलिस ने कैमरो के फुटेज देखे, जिसमें बदमाश दिखाई दिए, एक का हुलिया लड़कियों जैसा दिखाई दे रहा है।



बताया जा रहा है कि महानंदा नगर के सी सेक्टर में रहने वाले राजेंद्र भार्गव परिवार के साथ शहर से बाहर शादी में शामिल होने गये हुए है। रात में मकान सुना पाकर स्कूटर से आए तीन बदमाशों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। सुबह आसपास के लोगों ने ताला टूटा देखा तो भार्गव परिवार के रिश्तेदारों को सूचना दी। पूर्व पार्षद दिलीप भार्गव मौके पर पहुंचे उन्होंने बताया कि भाई राजेंद्र परिवार के साथ पुणे गए हुए हैं। पुलिस सूचना मिलने पर जांच के लिए पहुंची इस दौरान सामने आया कि बदमाश आभूषण और नगद राशि चुराकर ले गए हैं जिसका आकलन परिवार के लौटने पर हो पाएगा। जांच के लिए फिंगरप्रिंट टीम को भी बुलाया गया और सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे गए। जिसमें तीन बदमाश दिखाई दिए जो चेहरा छुपाए हुए थे जिसमें एक लड़की जैसा दिखाई दे रहा था। पुलिस महानंदा नगर में मामले की जांच कर रही थी उसी दौरान सामने आया कि रात में चोरों ने बसंत विहार कॉलोनी में रहने वाले तंवर परिवार के यहां धावा बोला है। फिलहाल पुलिस दोनों परिवारों से मामले की जानकारी जताकर बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। बदमाशों के आने और जाने वाले रास्तों को ट्रेस किया जा रहा है।

# अंगारेश्वर महादेव मंदिर, शिप्रा तट पर सेवा की अनूठी मिसाल

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मोक्षदायिनी शिप्रा के तट पर स्थित प्रसिद्ध अंगारेश्वर महादेव मंदिर (दो राशि के स्वामी) में आस्था लेकर आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं की सेवा के लिए समाजसेवी निर्भय सिंह पटेल (लमसम) ने एक अनुकरणीय पहल की है। मंदिर आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए वे विगत कई वर्षों से अपनी पुश्तैनी जमीन पर, अपने निजी खर्च से निरूशुल्क पार्किंग, सुलभ शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। निस्वार्थ सेवा और स्वच्छता का संकल्प समाजसेवी निर्भय सिंह पटेल का उद्देश्य है कि धर्मनगरी उज्जैन आने वाले श्रद्धालु यहाँ से सुखद अनुभव और एक अच्छा संदेश लेकर लौटें। इसी भावना के साथ उन्होंने अपनी निजी भूमि जनसेवा के लिए समर्पित कर रखी है। इसके अलावा, स्वच्छता बनाए रखने के लिए ग्राम पंचायत कमेड़ के सरपंच के सहयोग से कचरा गाड़ी की नियमित व्यवस्था भी की गई है।

# क्षत्रिय मराठा समाज की हुई बैठक शिवाजी जयंती पर शासकीय अवकाश की मांग



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 24 खंबा महाकाल घाटी स्थित क्षत्रिय मराठा समाज की धर्मशाला में क्षत्रिय मराठा समाज उज्जैन की कार्यकारिणी एवं समस्त समाजजन की बैठक समाज के अध्यक्ष अनिल धर्मे की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में बड़ी संख्या में समाजजनों ने सहभागिता की।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 12 फरवरी 2026 को दोपहर 3 बजे टावर चौक पर संपूर्ण समाज एकत्रित होकर छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती (19 फरवरी) को शासकीय अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर कलेक्टर महोदय एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्रीमान डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपेगा।

इसके साथ ही पूरे प्रदेश व देशभर में एकजुट संदेश देने का आह्वान किया गया। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों से विनम्र अपील की गई कि वे 12 फरवरी को अपने-अपने शहरों में कलेक्टर व मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर इस मांग को राष्ट्रव्यापी रूप दें, ताकि यह संदेश प्रधानमंत्री तक एक साथ पहुंचे। बैठक में 19 फरवरी को शिवाजी जयंती महोत्सव को भव्य रूप से आयोजित करने की रूपरेखा पर चर्चा की गई। साथ ही समाज की धर्मशाला लीज से संबंधित जानकारी साझा की गई, आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई गई तथा विभिन्न समितियों की घोषणा की गई। अंत में सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। बैठक की संपूर्ण जानकारी अध्यक्ष अनिल धर्मे एवं सचिव अनिल गावड़े ने दी। कार्यक्रम का आभार सह सचिव प्रशांत शिंदे ने माना और संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनीता पाटिल ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष मुकेश शिंदे, अनीता शिंदे, कोषाध्यक्ष राजेश खोयरे, सह सचिव प्रवीण जाधव सहित कार्यकारिणी सदस्य व बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।